


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 159 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 09 मार्च 2024 डाक 10 मार्च 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
मेरठ में महाशिवरात्रि पर्व पर श्री बाबा औघड़नाथ शिवमंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालु....



**देश-विदेश**
यूपी में कांग्रेस ने गठित की राजनीतिक मामलों व प्रदेश चुनाव, समिति, इन नेताओं को मिली जिम्मेदारी



**कोरिया जिला**
राजिम कुंभ ने बनायी देश में अपनी विशेष पहचानः राज्यपाल



## पीएम मोदी ने की काजीरंगा नेशनल पार्क में सफारी, फोटोग्राफी करते आए नजर



**असम, 09 मार्च [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह-सुबह काजीरंगा नेशनल पार्क का दौरा किया। यहां उन्होंने जंगल सफारी का भी लुत्फ उठाया। यही नहीं पीएम मोदी ने हाथी पर बैठकर काजीरंगा नेशनल पार्क की खूबसूरत तस्वीरों को कैमरे में भी कैद किया। पीएम मोदी ने काजीरंगा नेशनल पार्क के दौरे से जुड़ी कुछ तस्वीरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया। उन्होंने देशवासियों से असम और काजीरंगा सुंदरता का अनुभव करने की अपील की। पीएम ने लिखा- आज सुबह मैं असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में था। हरी भरी हरियाली के बीच बसा यह यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल विभिन्न तरह की वनस्पतियों और जीवों से समृद्ध है, जिसमें एक सींग वाले गैंडे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से काजीरंगा नेशनल पार्क का दौरा करने और इसके प्राकृतिक दृश्यों की अद्वितीय सुंदरता और असम के लोगों की गर्मजोशी का अनुभव करने का आग्रह करूंगा।

यह एक ऐसा स्थान है जहां हर यात्रा आत्मा को समृद्ध करती है और आपको असम के हृदय से गहराई से जोड़ती है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने महिला वन रक्षकों की टीम वन दुर्गा के साथ बातचीत की। इसके अलावा काजीरंगा नेशनल पार्क में पीएम मोदी ने लखीमाई, प्रद्युम्न और फूलमाई को गन्ना खिलाया। पीएम कल शाम को तेजपुर पहुंचे, जहां असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनकी अगवानी की। रात्रि विश्राम के बाद उन्होंने आज सुबह काजीरंगा का भ्रमण किया। पीएम मोदी के काजीरंगा पहुंचने से पहले सभी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई थी। जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी करीब 2 घंटे तक काजीरंगा नेशनल पार्क में रहे। काजीरंगा की अपनी पहली यात्रा पर पीएम मोदी ने सबसे पहले पार्क के सेंट्रल कोहोरा रेंज के मिहिमुख क्षेत्र में हाथी की सवारी की और उसके बाद उसी रेंज के अंदर जीप सफारी की। पीएम के साथ पार्क निदेशक सोनाली घोष और अन्य वरिष्ठ वन अधिकारी भी थे। प्रधानमंत्री असम के अहोम साम्राज्य की शाही सेना के प्रसिद्ध जनरल लाचित बोरफुकन की भव्य प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ वेलोर का अनावरण करेंगे, जिन्होंने मुगलों को हराया था। इस परियोजना में लाचित और ताई-अहोम संग्रहालय और 500 बैठने की क्षमता वाले सभागार का निर्माण भी शामिल था। इस पहल का उद्देश्य लाचित बोरफुकन की बहादुरी को याद करना और उनकी विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने और रोजगार की संभावनाएं पैदा होने की उम्मीद है।

## मोदी ने किया सेला टनल का उद्घाटन, बोले- पूर्वोत्तर के विकास के लिए हमारा विजन अष्टलक्ष्मी का रहा

**अरूणाचल, 09 मार्च [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अरुणाचल दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने आज पूर्वोत्तर राज्य में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके साथ ही, पीएम मोदी ने सेला सुरंग का उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी ने कहा, नॉर्थ ईस्ट के विकास के लिए हमारा विजन अस्ट लक्ष्मी का रहा है। साउथ एशिया और ईस्ट एशिया के साथ भारत के ट्रेड, टूरिज्म और दूसरे रिश्ते की एक-एक मजबूत कड़ी, यह हमारा नॉर्थ ईस्ट बनने जा रहा है। आज भी यहां एक साथ 55,000 करोड़ रुपए से अधिक के परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा, आज अरुणाचल प्रदेश के 35 हजार गरीब परिवारों को अपने पक्के घर मिले हैं। अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के हजारों परिवारों को नल कनेक्शन मिले हैं, नॉर्थ ईस्ट के अलग अलग राज्यों में कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा, नॉर्थ ईस्ट को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने विशेष तौर पर मिशन पाम ऑयल की शुरुआत की थी। आज इसी मिशन के तहत पहली ऑयल मिल का लोकार्पण हुआ है। ये मिशन भारत को खाद्य तेल के मामले में आत्मनिर्भर तो बनाएगा ही साथ ही यहां के किसानों की भी आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा, पूरे देश में विकसित राज्य से विकसित भारत का राष्ट्रीय महोत्सव मनाया जा रहा है। मैं आप सभी को विकसित भारत संकल्प के लिए बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा, भाजपा सरकार के इन प्रयासों के बीच कांग्रेस और ढूहष्ठढ्ढ गठबंधन क्या कर रहे हैं, यह आपको पता है। अतीत में जब हमारे बॉर्डर पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना चाहिए था, तब कांग्रेस की सरकारें घोटाले करने में व्यस्त थी। कांग्रेस हमारे सीमा के गांवो को अव्यवस्थित रखकर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही थी। पूर्वोत्तर के विकास पर हमने जितना निवेश बीते 5 वर्ष में किया है, जितना काम किया है। इतना ही काम करने के लिए कांग्रेस को 20 साल लग जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मोदी की गारंटी क्या होती है, ये आपको अरुणाचल में आकर साफ दिखता है। पूरा नॉर्थ ईस्ट देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। बिजली, पानी, सड़कें, रेल, स्कूल, अस्पताल, पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के ऐसे अनगिनत प्रोजेक्ट यहां विकसित पूर्वोत्तर की गारंटी बनकर आए हैं। सेला सुरंग को लेकर पीएम मोदी ने कहा, 2019 में मुझे सेला टनल का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। आज इसका लोकार्पण हुआ है।

### खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या का वीडियो आया सामने, इसी मामले में बिगड़े भारत-कनाडा के संबंध

**ओंटारियो।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की बीते साल जून में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अब निज्जर की हत्या का कथित वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हमलावर, निज्जर को गोली मारकर भागते नजर आ रहे हैं। निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के संबंधों में खटास आ गई थी और दोनों देशों के बीच यह मामला विवाद की वजह बन गया था।

## लालू के करीबी नेता सुभाष यादव के घर ईडी की ताबड़तोड़ छापामारी



**पटना, 09 मार्च [एजेंसी]।**

बिहार के बालू कारोबारी सुभाष यादव के ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार की सुबह छापा मारा है। ईडी की यह छापामारी सुभाष यादव के दानापुर स्थित आवास के अलावा मरछिया देवी अपार्टमेंट, दानापुर स्थित पानी प्लांट, शाहपुर थाना अंतर्गत आने वाले कार्यालय के अलावा अन्य स्थान पर चल रही है। सुभाष यादव बालू के कारोबार से जुड़ी ब्राडसन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक हैं। सुभाष यादव को राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू यादव का करीबी बताया जाता है।

बालू कारोबारी सुभाष यादव की आवास अथवा ठिकानों पर यह पहले छापेमारी नहीं है इसके पूर्व भी प्रवर्तन निदेशालय के साथ ही आयकर विभाग की टीम इनके ठिकानों पर सर्च और छापेमारी कर चुकी है। सुभाष यादव राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर पूर्व में चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ चुके हैं सूत्रों की माने तो बालू के कारोबार से जुड़ी अनियमितताओं को लेकर उनके संबंध में कई शिकायतें पूर्व में जांच एजेंसी को मिलती रही है जिस आधार बनाकर पूर्व में भी इनके खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है।

इसी कड़ी में शनिवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय की अलग-अलग टीमों ने सुभाष यादव के आवास सहित आधा दर्जन ठिकानों पर छापा मारा है। छापेमारी की कार्रवाई अभी अभी जारी है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुभाष का आवास व अन्य स्थलों पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

### धमाके के आठ दिन बाद फिर खुला रामेश्वरम कैफे, सुरक्षा कड़ी

*__बेंगलुरु।__ धमाके के आठ दिन बाद बेंगलुरु का रामेश्वरम कैफे फिर से ग्राहकों के लिए खोल दिया गया है। साथ ही किसी अन्य हादसे को रोकने के लिए कैफे में सुरक्षा के इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। सुरक्षा जांच बढ़ा दी गई है और जांच के बाद ही ग्राहकों को कैफे में एंट्री दी जा रही है। 1 मार्च को बेंगलुरु के वाइटफील्ड इलाके में स्थित रामेश्वरम कैफे में धमाका हुआ था। इस धमाके में कई लोग घायल हुए थे। रामेश्वरम कैफे के सह-संस्थापक राघवेंद्र राव ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि हम भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए कई कदम उठा रहे हैं। हम अपनी सुरक्षा टीम को मजबूत कर रहे हैं। साथ ही कोशिश कर रहे हैं कि सेना से रिटायर कर्मियों द्वारा अपनी सुरक्षा टीम को ट्रेनिंग दिलाई जाए।*

## भोपाल में मंत्रालय भवन में लगी भीषण आग, कई लोगों के फंसे होने की आशंका, सीएम ने दिए जांच के आदेश



**भोपाल, 09 मार्च [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के वल्लभ भवन (मंत्रालय) में तीसरी मंजिल पर भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग इतनी भीषण है कि दूर से ही धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। अरेरा हिल्स में स्थित वल्लभ भवन (मंत्रालय) की तीसरी मंजिल पर शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। आग लगते ही मंत्रालय भवन में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि आग गेट नंबर 5 और 6 के बीच बड़ी बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर लगी है। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंच गई है। जोन-2 DCP श्रद्धा तिवारी ने बताया कि दूसरी और तीसरी मंजिल पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है, जबकि चौथी मंजिल पर लगी आग को बुझाने की कोशिश जारी है। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग के अंदर अगर कोई फंसा होगा तो उसे सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा। भोपाल के वल्लभ भवन राज्य सचिवालय में आग लगने की घटना पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मेरी जानकारी में आया है कि वल्लभ भवन की पुरानी बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर आग लग गई है। कलेक्टर से मिली जानकारी के आधार पर मैंने सीएस को इसकी मॉनिटरिंग करने को कहा है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं कि ऐसी कोई घटना दोबारा न हो। मुझे उम्मीद है कि ऐसी कोई घटना दोबारा नहीं होगी।

## मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान लिखा- बहुजन समाज के हित में बीएसपी का फैसला अटल

**लखनऊ, 09 मार्च [एजेंसी]।**



बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने एलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों पर भी विराम लगा दिया है। दरअसल, इंडिया गठबंधन से करीबी बढ़ने की चर्चाएं चल रहीं थीं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बड़ा एलान किया है। पोस्ट में उन्होंने अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है।

मायावती ने लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना यह घोर फेक व गलत न्यूज़। मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। लोग भी सावधान रहें। ख़ासकर यूपी में बीएसपी की काफी मज़बूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं।

## मोरबी में बड़ा हादसा, नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का स्लैब गिरा, रेस्क्यू दल ने शुरू किया बचाव अभियान



**मोरबी।** गुजरात के मोरबी में बड़ा हादसा हो गया। यहां निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की इमारत का एक हिस्सा ढह गया। हादसे में पांच कर्मचारी घायल हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार रात आठ बजे की है, जो नई इमारत की पहली मंजिल पर भराई के काम के दौरान हुई। कॉलेज अधिकारियों सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। एक मजदूर मलबे में फंसा हुआ, जिसे बचाने के लिए ऑपरेशन जारी है।

## कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व सांसद सुरेश पचौरी व गजेंद्र सिंह समेत अनेक दिग्गज नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**भोपाल, 09 मार्च [एजेंसी]।**

पिछले विधानसभा चुनाव में करारी पराजय से पस्त कांग्रेस पार्टी को भाजपा संभलने का कोई मौका न देते हुए लगातार झटके पर झटके दे रही है। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद से जहां कांग्रेस में भगदड़ मची है, वहीं भाजपा बाहें पसारकर कांग्रेस छोड़कर आने वाले नेताओं का स्वागत कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को भाजपा ने प्रदेश में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका दिया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल, अर्जुन पलिया, आलोक चंसोरिया, भोपाल के पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, योगेश शर्मा, अतुल शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष यादव, दिनेश ढिमोले, सुभाष यादव एवं जसपाल अरोरा ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यो से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री



शिवराजसिंह चौहान, लोकसभा चुनाव प्रभारी डा. महेंद्र सिंह, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डा नरोत्तम मिश्रा ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक संजय पाठक एवं प्रदेश प्रवक्ता डा. सनवर पटेल उपस्थित रहे। इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कांग्रेस में मची भगदड़ को लेकर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। उन्होंने कहा कि अब तो आलम यह है कि आगे-आगे राहुल गांधी जा रहे हैं और पीछे से कांग्रेस साफ हो रही है।

### कांग्रेस खत्म होने की कगार पर : शिवराज

*इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश कार्यालय के बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कहा था कि कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए और नए राजनीतिक दल बने, लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने सत्ता के स्वार्थ के कारण कांग्रेस को भंग नहीं होने दिया और आंदोलन का लाभ उठाया। अब राहुल गांधी महात्मा गांधी के सुझाव के अनुसार कांग्रेस को पूरी तरह खत्म करके ही चैन की सांस लेंगे। कांग्रेस के सारे अच्छे नेता पार्टी के दिशाहीन नेतृत्व से थक चुके हैं। कांग्रेस खत्म होने की कगार पर है।*




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## मालदीव की पूर्व राष्ट्रपति की अपील, 'भारतीय हमें माफ करें', बहिष्कार के बाद अर्थव्यवस्था बिगड़ी

**नईदिल्ली, 09 मार्च [एजेंसी]।**



भारत के लोगों द्वारा पर्यटन के लिए मालदीव का बहिष्कार करने के उसकी अर्थव्यवस्था में काफी गिरावट आई है। देश में अर्थव्यवस्था में मंदी आने के बाद मालदीव की अकल ठिकाने आ गई है। अब मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने भारत के बहिष्कार के आह्वान के प्रभाव पर चिंताएं व्यक्त की हैं। पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद इन दिनों भारत के दौरे पर हैं और उन्होंने मालदीव के लोगों की ओर से माफी मांगते हुए कहा कि कि भारतीय पर्यटकों के मालदीव का दौरा जारी रखना चाहिए। भारत दौरे पर आए नशीद ने कहा कि बहिष्कार के प्रभाव से देश पर बुरा असर हुआ है।

उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में यहां भारत इसलिए आया हूं क्योंकि मैं इस बारे में बहुत चिंतित हूं। मैं इस बारे में कहना चाहता हूं कि मालदीव के लोगों को इस पूरे घटनाक्रम पर खेद है। हमें खेद है कि ऐसा हुआ। अब मालदीव के सभी लोग यह चाहते हैं कि भारतीय अपनी छुट्टियों पर मालदीव आएं और हमारे आतिथ्य में कोई बदलाव नहीं होगा।

# मंत्री देवांगन के मुख्य आतिथ्य में पाली महोत्सव का हुआ समापन



कोरबा । कोरबा जिले में महाशिवरात्रि पर्व पर पाली में आयोजित दो दिवसीय पाली महोत्सव का समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पाली महोत्सव कोरबा वासियो के लिए गौरव की बात है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि एवं अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाली देवाधिदेव भगवान शिव व महिषासुर मर्दिनी की नगरी है। यहां दूर-दूर से लोग भोलेनाथ के दर्शन के लिए आते है और अपनी मनोकामना पूरी होने की मनोरथ मांगते है। मंत्री श्री देवांगन ने आराध्य महादेव से सभी की इच्छाएं पूरी करने की प्रार्थना की। कैबिनट मंत्री ने कहा कि पाली महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम का आज समापन है। कार्यक्रम में बॉलीवुड, छालीवुड सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा अपनी कला संस्कृति का शानदार प्रस्तुति दी। जिसका हम सभी ने भरपूर आनंद लिया।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कला संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना एवं मंच के माध्यम से आमजनों का मनोरंजन करना है। जिला प्रशासन द्वारा महोत्सव का बहुत अच्छा आयोजन किया गया है। आगे भी प्रशासन द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया जाता रहेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के गठन के साथ ही विकास का कार्य प्रारंभ हो गया है। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही रामलला दर्शन योजना संचालित की गई है। किसानों को बकाया धान का बोनस उनके खाते में प्रदान की गई है। इस वर्ष 3100 रुपए प्रति क्विन्टल एवं 21 क्विन्टल प्रति एकड़ की दर से अन्न दाताओ से उपज की खरीदी की गई है। जिसके अंतर की राशि आगामी 12 मार्च को बोनस के रूप में प्रदान की जाएगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। जिसके तहत 10 मार्च को प्रदेश के सभी पात्र माता बहनों को एक हजार रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में आगे भी निरंतर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने महाशिवरात्रि व महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि दो दिवसीय महोत्सव में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के मशहूर कलाकारों द्वारा अपने कला का अद्वितीय प्रदर्शन किया गया। जिसका दर्शकों व श्रोताओं ने भरपूर लुत्फ उठाया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव से विविधता में एकता की शिक्षा मिलती है। हमारी कला संस्कृति भी हमें एक दूसरे से जोड़ती है। इस अवसर पर नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद, जनपद अध्यक्ष पाली श्रीमती दुलेश्वरी सिदार, सरपंच सत्यनारायण पैकरा, कलेक्टर अजीत वसंत, कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमनागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों सहित अधिकारियों ने कलाकारों की प्रस्तुति का आनंद लिया। जिला प्रशासन द्वारा कैबिनेट मंत्री देवांगन, सांसद श्रीमती महंत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## शिवालियों में हुई भोलेनाथ की विशेष पूजा, सुबह से शाम तक लगी रही भक्तों की कतार





कोरबा। महाशिवरात्रि पर ऊर्जाधानी भगवान शिव की भक्ति में डूबा रहा। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिरों व घरों में भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया गया। मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। कई स्थानों में भोले बाबा की बारात निकाली गई। शिव पार्वती विवाह के लोग साक्षी बने।

भूईफोड़ कनकेश्वर महादेव कनकी में महाशिवरात्रि पर लाखों दर्शनार्थियों ने सुबह से देर रात तक लाइन में लगकर जल चढ़ाये। साथ ही मंदिर परिसर में स्थापित अन्य मूर्तियों के अलावा चकेश्वर महादेव कनकेश्वरी महामाया में भी जल चढ़ाकर पूजा अर्चना किए। मंदिर व्यवस्था में मुख्य पुजारी बैजू राम यादव, अर्जुन यादव, राजेंद्र, शिवलाल, हेमंत, जय, शत्रुघ्न, कामता, दुलार, पुरुषोत्तम यादव, सत्यनारायण, कमल आदि सभी ग्रमवासी कनकी भादा के लोग सेवा में लगे रहे। कनकी महाशिवरात्रि पर्व पर युवा संगठन कनकी धाम के अध्यक्ष रामेश्वर दास महंत, विजय राजवाड़े, बसंत राजवाड़े, पुष्प राजवाड़े, बसंत यादव, रोमु राजवाड़े, क्षीरनीधि राजवाड़े, वैभव राजवाड़े, नंद राजवाड़े, परमानन्द राजवाड़े, देवी राजवाड़े सहित अन्य लोग कनकेश्वर महादेव मंदिर में व्यवस्था में जुटे रहे।वहीं शहर में श्री श्री शिव परिवार मां काली मंदिर परिसर दुरपा रोड ने भोले बाबा की बारात एवं शिव-पार्वती विवाह का आयोजन किया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जगह-जगह भोग वितरित किए गए, जहां लोगों ने भोग प्रसाद ग्रहण किया।

## अपर आयुक्त खजांची की जगह लेंगे मिश्रा, दीपका में गुप्ता को दायित्व

कोरबा। लंबे समय से काबिज अधिकारियों को हटाने का सिलसिला शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर इस प्रकार के परिवर्तन करने की खबर है। नगरीय प्रशासन विभाग ने हाल में ही कई अधिकारियों का तबादला कर दिया। इसमें कोरबा जिले के नगर निगम और दीपका नगर पालिका से दो अधिकारियों को बाहर भेजा गया है।

नगर निगम कोरबा में अपर आयुक्त खजांची कुमार को बिलासपुर भेज दिया गया है। वे समान पद पर पदस्थ किये गए हैं। कोरबा में काफी समय तक उन्होंने सेवाएं दी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले विभिन्न विभागों में उठापटक करने के लिए निर्वाचित विभाग ने निर्देशित किया था और ईमानदारी से इस पर काम करने को कहा था। क्राइटेरिया तय करते हुए सरकार ने सूची तैयार की और अधिकारियों को अन्यत्र भेज दिया। उक्तानुसार अपर आयुक्त खजांची कुमार को बिलासपुर भेजा गया है। उनकी जगह पर विनय मिश्रा की पदस्थापना की गई है जो इससे पहले रायपुर जिले में काम कर रहे थे। इसी तरह नगर पालिका परिषद दीपका के मौजूदा मुख्य नगर पालिका अधिकारी का स्थानांतरण भी किया गया है। रायपुर में नगर निगम के जोन आयुक्त संजय गुप्ता की पदस्थापना दीपका के लिए की गई है। अविलंब अधिकारियों को नई पदस्थापना पर ज्वाइन करने के लिए कहा गया है। इससे पहले प्रशासन, पुलिस और अन्य विभाग में अधिकारियों के तबादले किये गए हैं जो लंबे समय से यहां काबिज थे। जबकि अवैध खरीदी के मामले में निलंबित किये गए जिला शिक्षा अधिकारी के विकल्प में सरकार ने किसी की पदस्थापना नहीं की है इसलिए कोरबा एडीएम को डीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### सामान्य सभा की बैठक में नगर विकास का बजट पेश

कोरबा। 70 करोड़ 63 लाख रुपये के बजट में सड़कों के निर्माण, पेयजल की आपूर्ति और साफ-सफाई के कार्यों पर बल

कोरबा। नगर पालिका परिषद दीपका की अध्यक्ष संतोषी दीवान की अध्यक्षता में परिषद की सामान्य सभा आयोजित की गई। बिना शोर-शराबे के बीच सामान्य सभा की बैठक हुई। इसमें 13 प्रस्ताव पारित किये गए। सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पालिका की ओर से प्रस्तुत किया गया बजट रहा।नगर पालिका परिषद दीपका ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने बजट पर मुहर लगा दी है। लगभग 70 करोड़ 63 लाख रुपये के बजट में सड़कों के निर्माण, पेयजल की आपूर्ति और साफ-सफाई के कार्यों पर बल दिया गया है।

## साहित्य समिति से जुड़े कवयित्रियों को नारी रत्न सम्मान



**कोरबा।** पं. मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन समिति कोरबा ने साहित्य समिति से जुड़े समस्त कवयित्रियों को नारी रत्न सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर साहित्य भवन के संरक्षक यूनुस दानियालपुरी, कमलेश यादव, समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल सहित मंच पर डॉ. गिरिजा शर्मा, गीता विश्वकर्मा, डॉ. मंजुला साहू, अंजना सिंह, मंचस्थ रहे।

सम्मान समारोह में 46 कवयित्रियों का सम्मान किया गया। इनमें गीता साहू, डॉ. निर्मला शर्मा, अरुणा देवांगन, श्रलता चन्द्रा, निर्मलाकांति ब्राह्मणी, रामकली कारे, संतोषी महंत श्रद्धा, वीणा मिस्त्री, अरुणा देवांगन, ज्योति गवेल, लखनी साहू, फिरोजा खान, ज्योति दीवान मुक्तिका, रेशमा ठाकुर सोनम, सीदा बानो, अनसुईया श्रीवास, पुष्पा शांडिल्य खुशबू, गार्गी चैटर्जी, प्रतिभा साहारे, इंदू देवांगन, आरती तिवारी, सरस्वती साहू, अर्चना साहू, रश्मि देवी श्रीवास, ध्रुबोता चटर्जी शामिल हैं। कार्यक्रम में सम्मिलित कवियों ने नारियों पर केंद्रित काव्यपाठ किया। साहित्य भवन के कवियों में एम.आर. राव, डॉ. प्रमोद आदित्य, डॉ. कृष्ण कुमार चन्द्रा, इकबाल अंजान, बलराम राठौर, शिशिर तिवारी, भुवनेश्वर देवांगन, विनोद कुमार सिंह, धरम साहू, रामकृष्ण साहू, जगदीश श्रीवास, आलोक चन्द्र शर्मा, अजय शर्मा, अनिल साहारे, पंकज कुमार जैन, रामजी विश्वकर्मा सहित अनेक रसिक श्रोता उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्ण कुमार चन्द्रा व कविता जैन ने किया।

### कटघोरा के बाद छुरी में मिला लिथियम का भंडार

**कोरबा।** जिले के कटघोरा के बाद अब छुरी के आसपास भी 'व्हाइट गोल्ड' यानी लिथियम के भंडार का पता चला है। इस जानकारी के बाद जल्द ही सर्वे का काम शुरू होगा। कटघोरा और कश्मीर में मिले लिथियम भंडार का खनन अधिकार पाने के लिए देश-विदेश की 50 बड़ी-बड़ी कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। इसमें कोल इंडिया, अडाणी, वेदांता जैसे समूह शामिल हैं, जिन्होंने लिथियम भंडार का खनन करने कंपोजिट लाइसेंस का टेंडर लिया है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की जांच के बाद जेंजरा और छुरी में लिथियम के भंडार की पुष्टि हो चुकी है। जीएसआई अब इसकी रिपोर्ट केंद्रीय खान मंत्रालय और छत्तीसगढ़ शासन को भेजेगा। केंद्र सरकार ने खनन अधिनियम के लिए पिछले साल अगस्त में संशोधन किया था। इसके बाद से लिथियम, ग्रेफाइट, ग्लूकोनाइट जैसे 20 से ज्यादा खनिजों का पता लगाने और उनके खनन के लिए निजी क्षेत्र को भी अनुमति मिल गई है।सफेद सोना कहे जाने वाले लिथियम का इस्तेमाल डिजिटल उपकरण और ई-व्हीकल की बैटरी बनाने के लिएह्यह्य जरूरी हो गया है। इसके अलावा सीमेंट और इस्पात उद्योग में भी उसकी उपयोगिता है।

## एसईसीएल के आयल टैंक में लगी भीषण आग, घंटो मशक्कत के बाद हुआ काबू



कोरबा । एसईसीएल मानिकपुर के सेंट्रल वर्कशॉप के पीछे स्टोर में भीषण आग लग गई। काले धुएं को उठते देख सुरक्षाकर्मी व लोगों को आग लगने की भनक लगी। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। फिलहाल आग कब और कैसे लगी है इसका कारण पता नहीं चल सका है।जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे ये घटना हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही सीएसपी कोरबा के अलावा प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारी की टीम मौके पर पहुंची। नगर सेना और स्वश्ष्टरु की दमकल को सूचना दी गई, जहां नगर सेना की दमकल वाहन मौके पर पहुंची और दो घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।सेंट्रल वर्कशॉप के पीछे ऑयल टैंक और टायर रखे थेबताया जा रहा है की सेंट्रल वर्कशॉप के पीछे ऑयल टैंक और टायर रखे हुए थे जहां अचानक आग लग गई। वहीं घटनास्थल पर स्वश्ष्टरु का डीजल पंप होने के कारण लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था। आगजनी के कुछ ही दूरी पर स्वश्ष्टरु का कालोनी है जहां बड़ी घटना घट सकती थी। स्वश्ष्टरु के अधिकारी ने घटना की जानकारी लेते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।को इस आग लगने से कितना नुकसान हुआ है वो पता नहीं चल सका है। आगे आकलन किया जाएगा। मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई जारी है।

## युवाओं ने ली भारतीय जनता पार्टी की सदस्या

कोरबा । प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने विद्यार्थी परिषद और अन्य संगठन से जुड़े अधिक संख्या में युवाओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याण कारी नीतियों से हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। आज ऐसा कोई घर नहीं है जहां मोदी योजना नहीं पहुंची होगी। यही वजह है की आज विकास से हर वर्ग में खुशहाली है।भाजपा में शामिल होने पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा की आप सभी को शुभकामनाएं देता हु। आपके सुख-दुख में पार्टी हमेशा खड़ी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में 400 पार के संकल्प को पूरा करने में हमें सफलता हासिल करनी है और पूरे देश की जनता का विश्वास बीजेपी पर है। छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है और यहां की बीजेपी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में चल चुकी है। हमनें पीएम आवास और धान का बकाया बोनस देने का वादा पूरा कर दिया है और पीएससी मामले की जांच भी सीबीआई को सौंप दी है। दो दिन बाद महतारी वंदन योजना की राशि जारी हो जाएगी।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हुंकरा के नरेंद्र साहू, कटघोरा के रूपांक सिंह, लखनपुर के सागर विश्वकर्मा, रांगोले के योगेश किशोर, कटघोरा के युगल किशोर, ओम प्रकाश, योगेंद्र यादव, कोमल यादव, पंकज यादव, अमन चौहान, विष्णु यादव, राकेश साहू, विजय साहू, वीरेंद्र साहू, दिव्या, राधिका, संदीप, हेमसिंह सहित अन्य भाजपा में शामिल हुए।

## प्रजापिता विश्व विद्यालय में मनाया गया महा शिवरात्रि पर्व



कोरबा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय सेवाकेंद्र विश्व सद्भावना भवन, टीपी नगर में महाशिवरात्रि का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। 88वां त्रिमुर्ति शिव जयंती के अवसर पर अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद तथा जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह एवं स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी और सहसंचालिका ब्रह्माकुमारी बिन्दु दीदी उपस्थित थी।इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि परमात्म मा पालना में हम सब पल रहे हैं और इस परिवार से जुड़कर जो आत्म संतुष्टि व प्रसन्नता मिलती है। वो कही और मिल नही सकती। जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि ईश्वरीय शक्ति हमेशा हम सबका ख्याल रखती है। संस्था के बारे में उन्होने कहा कि यह बहुत बड़ा मेडिटेशन सेंटर है। जहाँ सभी धर्म के लोग यहाँ आते है। हर घर में शांति हो, खुशहाली हो इसके लिए सबसे पहले अपने मन में शांति चाहिए। किसी को भी कमजोर न समझे अगर मन में शांति है तो वो बहुत कुछ कर सकता है।

ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि उस परमपिता परमात्मा से मंत्रो के माध्यम से कार्य सिद्ध करने का एहसास कर रहे है जब हम परमात्मा शिव को अपना पिता और स्वयं को उनका बच्चा स्वीकार करते है। तब हमे परमात्म गोद में होने का एहसास होने लगता है। हम मंत्रो तक सीमित न रहें। वो परमपिता परमात्मा शिव आया है ज्ञान, प्रेम, सुख, शांति, आनदं से झोली भरने के लिए। ब्रह्माकुमारी बिंदू दीदी ने शिवरात्रि का रहस्य बताया। कवियत्री अंजना सिंह ठाकुर ने बहुत सुदर शिव श्लोक सुनाकर सबको भाव विभोर कर दिया। बी.के. सूरज भाई ने भी अपनी मधुर गायिकी से समां बांधा। मंच संचालन का कार्य आता शेखर जी द्वारा किया गया।अतिथियों द्वारा शिव का ध्वज फहराया गया। दीप प्रज्वलन कर केक कटिंग किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा का विशेष रूप से आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ.के.सी देबनाथ, कमल कर्माकर, लवलीन गांधी, रश्मि शर्मा तथा संस्था के सैकड़ो भाई बहने उपस्थित थे।

### उद्यान में मनाया महिला दिवस

कोरबा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोरबा ने निहारिका सुभाष चौक पुष्पलता उद्यान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड मीना यादव यादव ने की।सर्वप्रथम भाकपा के जिला सचिव का. पवन कुमार वर्मा ने कहा कि हर वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन होता है।

## वृद्ध आश्रम में महिलाओं का किया गया सम्मान

**कोरबा ।** कोरबा जिला पुलिस के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थाना कुसमुंडा प्रभारी निरीक्षक मनीष चंद्र नागर एवं सर्वमंगला चौकी प्रभारी सउनि विभव तिवारी एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रशांति वृद्ध आश्रम सर्वमंगला में जाकर वृद्ध माताओं से मिलकर उनका सम्मान किया गया। पुलिस के द्वारा उनसे उनका हाल-चाल पूछा गया उन्हें कपड़े एवं खाने के लिए फल और नाश्ता के साथ उपहार दिया गया। जिला पुलिस के द्वारा उनसे उनकी समस्याएं और सुझाव के बारे में भी जानकारी ली गई उन्होंने अपना दुख-सुख पुलिस से साझा किया और उनके समस्याओं एवं सुझाव को सुना उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई मेंहदी प्रतियोगिताका आयोजन



कोरबा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस की शक्ति सुपर टीम के सदस्यों ने मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में 50 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लेकर अपने मेहंदी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में ललिता साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं हेमलता साहू ने द्वितीय एवं आंचल मिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निकिता खलखो, प्राची दुबे एवं पुनिया पावले का सराहनीय योगदान रहा। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीसीसी सचिव विकास सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि आज के युग में महिलाओं से ताकतवर कोई और नहीं है, नारी सशक्त हैं। महिलाओं को उचित व समान अवसर मिले तो देश के विकास को और अधिक गति मिलने लगेगा। विशिष्ट अतिथि राकेश पंकज युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के सामाजिक सक्षम बनाने तथा राजनीति में उचित आरक्षण देने के लिए कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में निशा केवट, पूजा मिश्रा, सीमा लाल, रजनी भारती विशेष रूप से उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने ज्योत्सना पर जताया भरोसा

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए कांग्रेस ने 36 सीटों पर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 6 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। कोरबा से वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत पर पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है। उन्हें टिकट दे दी गई है। ज्योत्सना महंत को पुन- प्रत्याशी बनाये जाने पर समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है। ज्योत्सना महंत ने पार्टी आला कमान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उन पर जो विश्वास जताया गया है, उस पर वे कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों व कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं आम जनता के सहयोग से खरा उतरेंगी।

## जिला पंचायत कोरबा में आयोजित हुआ ''कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन की रोकथाम अधिनियम के सम्बंध में कार्यशाला एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम



कोरबा। छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं मान. सत्येंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन में दिनांक 08 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला पंचायत भवन के सभागार में कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन से रोकथाम अधिनियम के संबंध में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त अवसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से श्रीमती मीनू त्रिवेदी जोशी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कोरबा बतौर विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहीं।उक्त कार्यशाला में श्रीमती मीनू जोशी के द्वारा उपस्थित महिलाओं को अरलिनों फर्नाडिज बनाम स्टेट ऑफ गोवा के निर्णय के आलोक में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन के संबंध में जानकारी देते हुए कामकाजी महिलाओं का यौन उत्पीडन का आशय स्पष्ट करते हुए यौन उत्पीडन संबंधी निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के तहत आप आवेदन कब, कहां और कैसे कर सकते हैं बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया तथा पीडित महिला को पहुचाए गए मानसिक आघात, पीडा, यातना और भावनात्मक कष्ट, लैंगिग उत्पीडन की घटना के कारण वृत्ति के अवसर की हानि पीडित द्वारा शारीरिक या मानसिक चिकित्सीय उपचार हेतु उपगत चिकित्सा व्यय को कैसे प्राप्त कर सकती है की जानकारी तथा महिलाओं से संबंधित कानून के प्रावधानों को विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए उक्त अधिनियम के संबंध में उपस्थित महिलाओं के विभिन्न विधिक सवालों का जवाब दिया तथा कार्यक्रम के अंत में श्री रोमेश सिंह, प्रतिधारक अधिवक्ता के द्वारा महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हेतु नालसा की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया एवं पैरालीगल वॉलिंटियर्स के द्वारा उक्त अधिनियम से संबंधित पाम्पलेट का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला कोरबा, जिला कार्यक्रम संरक्षण अधिकारी कोरबा, कोरबा जिला के आंतरिक समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे।

# किसी तहसीलदार को नहीं दिया गया प्रभार, ऑफिस के कई काम अटके

## बिना तहसीलदार के चल रहा तहसील ऑफिस, फरियादी भटकने को मजबूर

**शिवरीनारायण।** तहसील ऑफिस । शिवरीनारायण वर्तमान में बिना तहसीलदार चल रही हैं। शिवरीनारायण तहसीलदार और नायब तहसीलदार का अन्य जिलों में ट्रांसफर होने की वजह से तहसीलदार की कुर्सी खाली पड़ी हैं। कार्यालय में तहसीलदार के नहीं होने से फरियादियों को भटकना पड़ रहा है। तहसील मुख्यालय में रोजाना बड़ी संख्या में लोग जरूरी कामों को लेकर पहुंच रहे है लेकिन तहसीलदार की अनुपस्थिति में कामकाज प्रभावित हो रहा हैं। विदित हो कि शिवरीनारायण तहसील में पदस्थ तहसीलदार अश्वनी चंद्रा का ट्रांसफर बलरामपुर रामानुजगंज जिला और नायब तहसीलदार कुणाल पाण्डेय का ट्रांसफर मुंगेली जिला होने के कारण तहसीलदार का दोनो पद खाली पड़ा है। ट्रांसफर आदेश आने के बाद से तहसीलदार और नायब तहसीलदार को जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा 4 मार्च को कार्य मुक्त कर दिया गया हैं। तहसीलदार और नायब तहसीलदार के कार्यमुक्त होने के बाद तहसील में तहसीलदार और नायब तहसीलदार का पद खाली पड़ा हुआ है। तहसील कार्यालय में रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपने कामों को लेकर पहुंच रहे हैं लेकिन तहसीलदार के नही होने से काम नही हो पा रहा है। तहसील कार्यालय के लिपिक तहसीलदार के आने के बाद ही कार्य शुरू होने की बात कह रहे हैं। तहसील कार्यालय में नामांतर, जाति प्रमाण पत्र, आय,राशि के अभाव में मुआवजा पाने भटक रहे पीड़ित शिवरीनारायण तहसील कार्यालय अंतर्गत दुर्घटनाओं में मृत्यु होने पर मिलने वाली तत्कालीन सहायता राशि का लाभ आश्रित परिवार वालों नहीं मिल पा रहा है। तहसील कार्यालय में फंड का अभाव हैं। इस कारण से पीड़ित परिवार के लोग कार्यालय के चक्कर काटने को मजबुर होना हैं। तहसील में तत्कालीन सहायता राशि के चार केस पेंडिंग हैं। कई केस ऐसे हैं, जो साल भर से ज्यादा समय से पेंडिंग पड़े हुए है, लेकिन मृतक के परिजनों को आज पर्यंत तक सहायता राशि नहीं मिल पाई है। तहलील कार्यालय के चक्कर लगाते हुए पीड़ित परिवार के लोग थक गए हैं। लेकिन उनकी समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। दुर्घटना में मृत्यु होने पर शासन द्वारा पीड़ित परिवार के सदस्य को तात्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपए प्रदान करने का नियम है।

तहसील कार्यालय में तहसीलदार के नहीं होने से फरियादियों को रोजाना भटकना पड़ रहा हैं। अधिवक्ता संघ की मांग है कि तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में जल्द से जल्द तहसीलदार की पदस्थापना जिला कलेक्टर द्वारा की जानी चाहिए। ताकि लोगों को अपने कार्यों के लिए भटकना न पड़े।

जितेंद्र तिवारी, अध्यक्ष तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण



## महाशिवरात्रि पर कुटरा के प्राचीन मंदिर में पूजा-अर्चना की गई

**जांजगीर।** महाशिवरात्रि पर ग्राम कुटरा के प्राचीन शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर गांव और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई। गांव के शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दिन चढ़ने के साथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती गई। महाशिवरात्रि के मौके पर कुटरा में पीसीसी सचिव राघवेंद्र पांडेय ने परिवार सहित पूजा की। शिव मंदिर में रामेश्वर कश्यप ने रुद्राभिषेक और भंडारा का आयोजन किया और सोनी परिवार ने महामाया मंदिर में प्रसाद भंडारे का आयोजन किया।

### शादी करने पर उड़ाने की धमकी , मामला दर्ज

**जांजगीर।** एक युवती की शादी तय हो जाने के बाद एक अज्ञात युवक युवती के घर वाले और जहां उसकी शादी लगी है, वहां फोन करके उस युवती से शादी नहीं करने के लिए धमका रहा है। अज्ञात युवक द्वारा शादी करने पर दोनों परिवार को उड़ा देने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने जिस नंबर से फोन आ रहा है, उस नंबर के धारक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# जिला स्तरीय स्पर्धा में छात्राओं ने मारी बाजी

**जांजगीर चांपा।** विकासखंड अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा के खेल प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ खेलबो सखी अंतर्गत प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें अकलतरा के अंतर्गत अकलतरा, खिसोरा, अमोरा, नरियरा, परसदा, अकलतरी, मधुवा, पोडिदल्हा, महमदपुर, बरगंवा, हरदी, तागा, परसाहिबाना, नाला समेत पूरे अकलतरा की बालिका प्रतिभागियों ने भाग लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ खेलबो सखी अंतर्गत विकासखंड अकलतरा की प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खो-खो प्रथम स्थान गीतांजलि, मुस्कान भाना,गायिका कैवर्त, श्रद्धा ए पॉइंट, वालीवाल प्रथम स्थान अंतरा नेताम, संध्या ए खैरवार, प्रतिज्ञा, राशि यादव, विभा यदु डीडी द्वितीय स्थान मुस्कान जोगी प्रियांक ओगर॥ श्वेता व टीम रसासासी द्वितीय स्थान श्रद्धा पाटले, अंजलि कैववर्त सुकरता कैवर्ट विभा कैवर्त, बास्केटबॉल द्वितीय स्थान ज्योति, अनिशा जोगी, मंजू यादव, मेघा बर्मन व टीम और हँडबॉल द्वितीय स्थान कृति बर्मन, संजना ओग्रे, सुजाता कोसरे व टीम एथलेटिक्स द्वितीय पूनम, गोला फेक लक्ष्मी कोर्राम प्रथम स्थान, लंबी कूद श्रीति मरकाम प्रथम स्थान प्राप्त कर विकासखंड का नाम रोशन किया। निर्णायक कोच, मैनेजर के रूप में विकासखंड नोडल अधिकारी संजय यादव अमोरा, रामकृष्ण परमहंस तिवारी नरियरा, प्रमोद कुमार तिवारी हरदी, चंद्रशेखर महतो तागा, स्वर्णा तिवारी कटनई, संजय यादव अकलतरी, राम कुमार कैवर्त परसदा, जलेश्वर परसाही बाना ने अपनी सहभागिता निभाई। समस्त स्थान प्राप्त करने वाले बालिका खिलाड़ी बेटियों को कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा एवं अतिथियो के द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समस्त उपस्थित व्यायाम शिक्षकों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## हज यात्रा के नाम पर 15 लाख की धोखाधड़ी, थाने में शिकायत

**जांजगीर चांपा।** हज कराने सउदी अरब ले जाने के नाम पर 4 लोगों से 14 लाख 85 रुपए से अधिक की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सुनवाई नहीं होने पर एसपी से न्याय की गुहार लगाई गई।

एसपी को सौपे ज्ञापन में बताया कि मोबिन खान, मोहम्मद साबिल सौदागर, अब्दुल रहीम, प्रिंसकिल्ला चांपा निवासी है। इस्लाम धार्मिक यात्रा पर हज एवं उमराह के लिए मक्का मदीना (सऊदी अरब) की यात्रा पर जाने के लिए चांपा निवासी मोहम्मद जियाउद्दीन असदकी (आर्जुमद टूर्स एंड) का कार्यकारिणी सदस्य होकर यात्रा के लिए सभी प्रोत्साहित कर अपने टूर एजेंसी से यात्रा कराने के लिए अपने द्वारा बताए गए व्यक्ति के बैंक खाते में राशि जमा करने की बात कही गई। चारों लोगों से 14 लाख 85 हजार रुपए के लगभग जमा कराने के बाद अपने द्वारा यात्रा के लिए तिथि निर्धारित की थी। जानकारी में यात्रा नहीं कराई। इसके बाद लगातार यात्रा के लिए ले जाने कहे जाने पर उसके द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। अब उसके व्यवहार में परिवर्तन होने पर अपना पैसा वापस मांग रहे हैं तो टालमटोल कर जिम्मेदारी से बचा जा रहा है। इसकी शिकायत चांपा थाने में दर्ज कराई गई। लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई।

इसके बाद पीड़ित एसपी को ज्ञापन सौंपते मोहम्मद जियाउद्दीन असदकी व आर्जुमंद टूर एंड ट्रेवल्स नागपुर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही राशि वापस कराने की मांग की गई।मोबिन खान से 6 लाख रुपए, मोहम्मद साहिल सौदागर से 4 लाख 10 हजार, प्रिसकिल्ला परीक्षा से 1 लाख 25 हजार, अब्दुल रहीम 3 लाख 50 हजार रुपए लिया गया है।

# शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, जल व दूध से किया महादेव का अभिषेक

### पीथमपुर के कलेश्वरनाथ, नवागढ़ के लिंगेश्वर और जांजगीर के सेंधवार महादेव सहित शिव मंदिरों में लगी रही भक्तों की कतार

**जांजगीर-चांपा ।** महाशिवरात्रि पर सुबह से हो शिवालयों में श्रद्धालुओं को भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर के नम: शिवाय से गूंज उठा। पोचमपुर के कलेश्वरनाथ, नवागढ़ के लिंगेश्वर महादेव और सेंधवार महादेव व नहर किनारे स्थित शिव मंदिर जांजगीर में श्रद्धालुओं ने दूध और अल से महादेव का अभिषेक कर पूजा अर्चना को व आशीवांद लिया। देर शाम तक शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही।

कालेश्वरनाथ मंदिर पीथमपुर में आज एक दिवसीय मेला लगा। यहां दूर दराज से श्रद्धालु सुबह से कलेश्वर महादेव का दर्शन पाने पहुंचे थे। सुब्बा चार बजे शिवजी का जल व दूध से अभिषेक किया गया और महाआरती की गई। इसके बाद कांवरियों के साथ लुओं ने हसदेव नदी पर स्नान किया और जल भरकर शिवलिंग पर अर्पित किया। शाम पांच बजे भी पूजा अर्चना के साथ महाआरती को गई। इस दौरान मंदिर के बाहर होटल, मनिहारी, सौंदर्य प्रसाधन तथा अन्य चीजों की दुकानें लगी थी। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह जांजगीर के सैंधवार महादेव की पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। नगर के बाहर तालाब किनारे बने मंदिर में महाशिवरात्रि पर जिला मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों के शिव मंदिर परिसर के पास विभिन्न संगठन संस्थाओं द्वारा मंदिर में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को खीर- पूडी का प्रसाद वितरित किया गया। जिला मुख्यालय के सैधवार पार स्थित सिद्धेश्व महादेव मंदिर शिव भक्तो। द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे



श्रद्धालुओं को खीर पूडी का वितरण किया जा रहा था। इसी तरह भीमापार जांजगीर, चाम्पा, सिवनी, जयें, खरीद, नवागढ़, पीथमपुर शिवरीनारायण, अकलतरा सहित अन्य जगहों पर भंडारा का आयोजन किया गया। देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने महादेव का अभिषेक कर मत्था टेका। अब यहां हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

वहीं नगर के श्रद्धालु व्यवस्था बनाने अपना सहयोग दे रहे थे। लिंगेश्वर महादेव नवागढ़ में भी श्रद्धालु उमड़ पड़े। देवरी संगम तथा महानदी व अन्य कई स्थानों से कांवरिये यहां जल लेकर पहुंचे और शिवलिंग का जलाभिषेक किया। आज से यहां का मेला भी शुरु हुआ, जो सप्ताहभर तक चलेगा। इसी तरह किरीत, नहर किनारे स्थित शिव मंदिर और नैला स्थित शिव मंदिर व भीमा तालाब के पास स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने महादेव को पूजा अर्चना की। हर हर महादेव और ओम नम: शिवाय से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था।फूल पान, बेलपत्रों की रही पूछपर महाशिवरात्रि पर आज पुल, बेलपत्र, अ धतूरा, नारियल, दूध आदि की कल्पी पूछपरख रही।। शिव मंदिरों के सामने। लोगों ने फूल पान व नारियल अगरब दुकानें लगाई और पूजन सामग्री बेची।

## बेस में काली मिट्टी भरकर चढ़ा दी क्रांकीट की परत

**जांजगीर चांपा ।** ग्राम सरखों में 10 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन न मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय भवन में ठेकदार के द्वारा जमकर गड़बड़ी की जा रही थी। फर्श के लिए बेस में काली मिट्टी भरी गई थी और ऊपर में कांक्रीट की दो इंच मोटी सीमेंट की परत बिछा दी गई थी। नवागढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष की शिकायत पर जांच पर पहुंची टीम ने ग्रामीणों के सामने बेस की खुदाई कर जांच की जिसमें शिकायत सही मिली। क्षेत्रीय पूर्व विधायक नारायण चंदेल के द्वारा ग्राम सरखों में विधायक निधि से मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति दी थी। निर्माण एजेंसी आरईएस के द्वारा उक्त का काम ठेका जेके इंटरप्राइजेस बाराद्वार को दिया गया था। गांव के लिंगहा तालाब के पास निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसमें निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत नवागढ़ जनपद अध्यक्ष प्रीतिदेवी सिंह ने की थी। जिस पर 7 मार्च को जांच टीम पहुंची। टीम में शामिल आरईएस के उप अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी संभाग नवागढ़ ने शिकायकर्ता और ग्रामीणों की मौजूदगी में शिकायत के आधार पर जांच की जिसमें शिकायत सही मिली। ठेकेदार को नए सिरे से काम कराने निर्देशित किया गया। बता दें काली मिट्टी से फर्श का बेस बनाने की स्थिति में फर्श कभी भी घंस सकती थी। ज्यादा टिकाऊ भी नहीं होती और जल्द ही खराब हो सकती थी। टीम को जांच में यह मिली गड़बड़ी प्रतीक्षालय के प्लिंथ में काली मिट्टी से भराव मिला। कहीं पर 6 इंच रेत एवं काली मिट्टी भरी गई थी। जिसके ऊपर कांक्रीट किया गया था जिसकी मोटाई 2 इंच पाई गई। फर्श नहीं बना पाया गया। इसके अलावा भवन के अंदर व बाहर प्लास्टर कार्य व रंगाई-पुताई कार्य में गलत ढंग से होना पाया गया। शवदाह गृह में शव को ले जाने के लिए सीढी की लंबाई कम मिली। जिसे पूरे भवन की लबाई से बनाना सही होगा। जज् टीम ने पंचनामा तैयार किया। दें, इस कार्य के लिए ठेकेदार को जनवरी 2023 को वर्कऑर्डर ज हुआ था। आरईएस के मुताबिक माह निर्माण अवधि तय की ग लेकिन 13 माह बाद भी काम आ इसके चलते खुले में संस्कार करना ग्रामीणों की मज हो गई है। जनपद अध्यक्ष शिकायत पर ठेकेदार को स करने पूर्व में ही आरईएस के कहा गया था लेकिन इसके बान ध्यान नहीं दिया गया।

## होली पर एलर्जी को रोकने छात्रों ने बनायी हर्बल गुलाल



**जांजगीर।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण दिया। कुलपति अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने बताया कि यह हर्बल गुलाल हाथों से बनाया गया शुद्ध गुलाल है। अगर हम इस गुलाल का उपयोग करते हैं तो कई प्रकार के गुलाल से जो एलर्जी होते हैं उससे बचा जा सकता है। इस हर्बल गुलाल प्रशिक्षण में मुख्य रूप से कुलपति अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी, एनएसएस प्रभारी मनोज सिन्हा, डॉ. पूजा पांडेय, छात्र नेता संस्कार चौबे, अतिंद्रा दीवान, प्रिंस गुप्ता,अरमान खान,आंशिक अग्रवाल, मुस्कान राय, सृजन केशरवानी, रितिका गुप्ता, प्रीति सिंग, दीपा साहू, आयुष प्रसाद, राजेश सिंग, अविनाश कुमार सिंग, अंकिता विश्वकर्मा , तृप्ति पटेल, तनिष्का, उत्सव, पृथ्वी, सौरभ उपस्थित थे।

### राम सेतु बनकर धार्मिक आस्था का केंद्र बना पुराना सरकंडा पुल

**बिलासपुर।** कहते है कि किसी भी शहर की ऐतिहासिक विरासत ही उस शहर की पहचान बनती है। कुछ ऐसा विशेष हुआ कि जब भगवान श्री राम अयोध्या में विराजे हैं, वैसे ही हमारे शहर का सबसे पुराना सरकंडा पुल ने भी ऐतिहासिक धरोहर के साथ धार्मिक महत्व भी प्राप्त कर लिया और शहरवासियों की आस्था भी अब इस पुल से जुड़ गई है। क्योंकि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन शहर को सरकंडा से जोड़ने वाले इस पुल का नाम राम सेतु कर दिया गया।

## गौरीशंकर ने प्रबंधन समिति के सदस्यों से बातचीत की

**जांजगीर।** भाजपा की लोक सभा स्तरीय प्रबंधन समिति की बैठक भाजपा कार्यालय में हुई। लोकसभा प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल ने प्रबंधन समिति के सभी प्रारूपों के सदस्यों से वन टू वन बातचीत कर अगामी लोकसभा चुनाव में जुट जाने को कहा। कलस्टर प्रभारी राजेश मूणत ने कहा कि हम सभी को लोकसभा के सभी बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक काम करना है।

उन्होंने कहा हमको मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार 400 पार के नारे के साथ भाजपा की सरकार बनाना है। बैठक को लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से नारायण चंदेल, गुरुपाल भल्ला, कृष्णकांत चन्द्रा, खिलावन साहू, दिनेश जांगिड़, जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल, प्रशांत ठाकुर, लीलाधर सुल्तानिया, संयोगिता जूदेव, अंबेश जांगड़े, श्याम बाई साहू, मेघाराम साहू, संतोष लहरे, दिनेश सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा, धनीराम धीवर, विवेका गोपाल, अमर सुल्तानिया, जितेंद्र देवांगन, नंदनी रजवाड़े, रजनी साहू, पंकज अग्रवाल, धनंजय नामदेव, आशुतोष गोस्वामी, अरूण झाझडिया, मुकेश जायसवाल, राम खूबवानी, मणिकांत अग्रवाल आदि उपस्थित थे। बैठक के दौरान पोस्टर लांच करते भाजपा नेता।

## ट्रांसफार्मर तोड़ने के बाद भी वाहन छोड़ने की जिद की

**अकलतरा।** केएसके पावर प्लांट में कोयला अनलोड कर वापस शास्त्री चौक की ओर जा रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एलवी 7655 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक ट्रेलर चलाते हुए सड़क किनारे बिजली विभाग के लगाए गए ट्रांसफार्मर को ठोकर मारी। इसके बाद वह सड़क किनारे की दुकान का शेड तोड़ते सड़क किनारे किराना दुकान में घुस गया। इस दौरान एक कार भी ट्रेलर की चपेट में आ गई। इससे क्षेत्र की बिजली बंद हो गई, बिजली ?की व्यवस्था सुधरने में पूरे 12 घंटे 35 मिनट लगे।



## डिवाईडर और कार को ठोकने के बाद दुकान में जा घुसा ट्रेलर

**अकलतरा ।** बेकाबू ट्रेलर ने बीती रात सड़क डिवाइडर को तोड़ते हुए यो बिजली पोल व तीन कार को टक्कर मारी। इसके बाद वाटर कूलर को टक्कर मारते हुए एक दुकान में जा घुसी और पेड़ से टकरा कर रूकी। रात होने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। घटनास्थल के पास दिन में भीड़ रहती है।

शहर के अंदर आजाद चौक के पास एक अनियंत्रित ट्रेलर रात 2.30 बजे शहर के हाइवे आ रही थी। मुख्य मार्ग में आजाद चौक के पास डिवाइडर पर पोल को तोड़ते हुए चढ़ गई। ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एलवी 7655 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि दुकान का शटर फट गया और बगल में रखे वाटर कूलर हवा में उछलकर कार के ऊपर जा गिरा। इससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ के कारण बड़ा हादसा टल गया। घटनास्थल पर सुबह दुकान व घर है। यहां पर सुबह के समय हमेशा भीड़ लगी रहती है। लोगों का आना जाना लगा रहता है। सुबह घटना होती है बड़ा हादसा हो सकता था। इसके बाद चालक ट्रेलर को छोड़कर फरार हो गया। इसकी सूचना बिजली विभाग व पुलिस को दी गई। बिजली विभाग के कर्मचारी तत्काल पहुंचे। साथ ही मेंटनेंस का काम शुरू किया गया। लेकिन पुलिस की टीम नहीं पहुंची। सुबह 9 बजे थाना प्रभारी टीम के साथ पहुंची। पुलिस को व्यवस्था बनाने पहले पहुंचना चाहिए, लेकिन उनको कोई मतलब ही नहीं है। वहीं इसकी जानकारी विधायक राघवेन्द्र सिंह को होने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों में चर्चा करते+ हुए तत्काल मालिक पर कार्रवाई करने की बात कही। इसके बाद एसडीएम सहित अन्य अफसर पहुंचे। ट्रेलर मालिक को बुलाया गया। विधायक राघवेन्द्र सिंह, एसडीएम विक्रांत अंचल, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी तुलसिंह पट्टावी व ट्रेलर मालिक के बीच वार्ता हुई।


**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला-कोरबा(छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

202401050400051
रा.प्र.क्र./अ-21/2023-24
ग्राम-रिसदा प.ह.नं.16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदिका श्रीमती मीरा देवी बाजपेई उम्र-लगभग 71 वर्ष पति श्री अनिल बाजपेई जाति-ब्राम्हण (गैर आदिवासी) निवासी-वार्ड नंबर-07, कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-रिसदा, प.ह.नं.-16, रानिमं.-पाढ़ीमार, तहसील-कोरबा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं 434/1 रकबा 0.2230 हे. में से 0.0240 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता-शैलेन्द्र जायसवाल उम्र-लगभग 41 वर्ष पिता श्री मन्नूलाल जायसवाल निवासी-क्वा.नं 39 सेक्टर-07 टाईप-ए बालको नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 18.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) **तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
मुख्य कार्यालय-साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
जल प्रदाय शाखा

फा.क्र./1372/जल प्रदाय/2024/ कोरबा, दिनांक 06.03.2024

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग PHE SOR 01.06.2020 AMENDMENT07/2022-23 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्यूल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारितध प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि - 28.03.2024 सायंकाल 3:00 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू में |
|---|---|---|---|
| 1 | कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत वार्ड क्र. 31 बिरसा मुण्डा खरमोरा में पाईप लाईन बिछाने का कार्य। **(15वें वित्त आयोग)** | 19,43,000/- | 14,600/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा (छ.ग.)**

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//


# भाजपा की कमलेश जांगड़े के सामने कांग्रेस से होंगे शिव डहरिया

**जांजगीर चांपा ।** कांग्रेस ने डा शिव कुमार डहरिया को दूसरी बार जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया है। कांग्रेस ने उन्हें दोबारा टिकट दिया है। उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े से होगा। डा. शिवकुमार डहरिया मूलत: रायपुर जिले के अभनपुर ब्लाक के छ छानपैरी गांव के हैं। वे छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय थे। बीएएमएस की डिग्री उन्होंने हासिल की और राज्य की राजनीति में आ गए। वर्ष 2003,2013और 2018 में विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक बने। भूपेश सरकार में वे नगरीय प्रशासन मंत्री थे। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें यहां से टिकट दिया था और वे भाजपा प्रत्याशी कमला देवी पाटले से 82 हजार से अधिक मतों से चुनाव हार गए थे। इस बार कांग्रेस ने फिर से उन्हें यहां से दोबारा मौका दिया है। ज्ञात हो कि डा डहरिया कांग्रेस सरकार में नगरीय प्रशासन मंत्री थे। इस बार वे विधानसभा आरंग से भाजपा के खुशवंत साहेब से



चुनाव हार गए। इधर भाजपा ने यहां से कमलेश जांगड़े को टिकट दिया है। वे इसी लोकसभा क्षेत्र से हैं और सक्ती जिले के ग्राम मसनियाकला की रहने वाली हैं। शिव डहरिया जिस तरह से पिछले बार लोकसभा का चुनाव लड़े थे उसके कार्य प्रणाली को लकर इस बार भी तरह-तरह की चर्चाएं लोगों द्वारा की जा रही है। बसपा का पत्ता खुलना बाकी: यहां से बहुजन समाज पार्टी भी अपना उम्मीदवार उतारेगी। मगर पार्टी ने अभी तक सूची जारी नहीं की है।

**सभी विधानसभा में कांग्रेस का कब्जा**

जांजगीर चांपा लोकसभा के सभी आठ विधानसभा जांजगीर चांपा, अकलतरा, पामगढ़, सक्ती, जैजैपुर चंद्रपुर कसडोल और बिलाईगढ़ में कांग्रेस के विधायक है ऐसे में कांग्रेस को इस लोकसभा को लेकर ज्यादा उम्मीदें हैं।

**मिनीमाता के बाद कांग्रेस ने महिला प्रत्याशी को नही दिया मौका**

वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में जांजगीर से मिनीमाता अंतिम कांग्रेस की अंतिम महिला उम्मीदवार थीं। इसके बाद कांग्रेस ने यहां कभी किसी महिला को टिकट नही दिया। जबकि भाजपा ने 2004 में करुणा शुक्ला को 2009 और 2014 में कमला देवी पाटले को और इस बार कमलेश जांगड़े को उम्मीदवार बनाया है।

## अनमोल वचन

**जो लोंग मन को नियंत्रित नहीं करते उनके लिए मन शत्रु के समान कार्य करता है।**

# सवालों के घेरे में

कोर्ट ने कहा कि कम्युनिस्ट या माओवादी साहित्य लिखना, या इंटरनेट से ऐसी सामग्रियों को डाउनलोड करना अपराध नहीं है। मुकदमा चलाने के लिए ऐसा ठोस सबूत होना अनिवार्य है कि संबंधित व्यक्ति हिंसा या आतंकवाद की गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल हुआ। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भारतीय संविधान के तहत नागरिकों को मिले अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार की फिर पुष्टि की है। हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने इसी बुनियादी सिद्धांत के आधार पर दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा को यूएपीए के तहत दर्ज मामले से बरी किया है। स्पष्टतः कोर्ट ने किसी नए सिद्धांत की स्थापना नहीं की है। ना ही उसने कानून की कोई नई व्याख्या की है।

अतीत में सर्वोच्च न्यायालय दो टूक लहजे में ऐसी व्याख्याएं कर चुका है। लेकिन हाल के वर्षों में देश में जैसा माहौल रहा है, उसके बीच हाई कोर्ट का ताजा निर्णय मील के पत्थर की तरह महसूस होता है। कोर्ट ने कहा कि कम्युनिस्ट या माओवादी साहित्य लिखना, अथवा इंटरनेट पर मौजूद ऐसी सामग्रियों को डाउनलोड करना अपराध नहीं है। ऐसी गतिविधियों के कारण किसी पर अभियोग लगाया जाएगा, तो यह संविधान के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन होगा।

दो जजों की बेंच ने कहा कि मुकदमा चलाने के लिए इस बात का ठोस सबूत होना अनिवार्य है कि संबंधित व्यक्ति हिंसा या आतंकवाद की गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल हुआ। कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि इंटरनेट पर नक्सली या कम्युनिस्ट नजरिए वाली सामग्रियों को ढूंढना एक आम चलन है। लोग चाहें तो ऐसी सामग्रियां स्कैन या डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें ऐसे वीडियो भी शामिल हैं, जिन्हें हिंसक प्रकृति का माना जाएगा।

चूंकि साईबाबा और पांच अन्य लोगों पर ऐसी ही गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यूएपीए लगा दिया गया था, इसलिए कोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया। इस बीच ये पांचों लोग पांच साल से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं। अब यह जाहिर है कि उन्हें ऐसे आरोप में जेल में रखा गया, तो असल में भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के तहत जुर्म नहीं है। इस रूप में उनके लिए न्याय की प्रक्रिया ही दंड बन गई। दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसा अनगिनत अन्य व्यक्तियों के साथ भी हो रहा है। अगर न्यायपालिका आज भी जमानत को नियम और जेल को अपवाद मानने के सिद्धांत से प्रेरित रहती, तो शायद इस स्थिति से बचा जा सकता था।

# राशिफल

**मेष राशि**-आज आपको आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिल सकती है। आज अपनी काबिलियत से काम को सरलतापूर्वक पूरा कर लेंगे। कुछ लोग आपके लिए खास साबित हो सकते हैं साथ ही किसी जरूरी काम में आपको दोस्तों का स्पोर्ट भी मिल सकता है। आज खुद को सही साबित करने का अच्छा दिन है। इसमें आपको किस्मत का साथ भी मिलेगा।

**वृष राशि**-आज आपको अपने करियर में बदलाव लाने के लिए कुछ नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस राशि के जातकों को राजनीति के क्षेत्र में सफलता मिले सकती है। आज आपको किसी से उपहार भी मिल सकता है। सेहत के मामले में आप खुद को फिट महसूस करेंगे। आज आपके सारे रूके हुए जरूरी काम पूरे हो जाएंगे। किसी के साथ मिलकर किए गए कामों में आपको बहुत हद तक सफलता मिल सकती है।

**मिथुन राशि**-आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। आज आपको वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कारोबारी की व्यावसायिक साझेदारी में अपनों से सलाह जरूर लें, ऐसा करने से आपको आज काफी फायदा हो सकता है। आज ऑफिस में काम बिना किसी स्ट्रेस के पूरा हो जाएगा।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन बेहद ही शुभ रहेगा। आज आपके कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होता नजर आएगा। आज दोस्तों के साथ बिगड़े हुए रिशतो में भी सुधार आ सकता है। आपका भौतिक सुख-सुविधाओं की तरफ रूझान बढ़ सकता है। आगर आज आपके मन में कोई बात दबी हुई हो तो उसे खुलकर सामने लाएं। ऐसा करने से अपका मन शांत होगा और आपकी परेशानियों का हल भी निकल सकता है।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज का दिन किसी खास कामों के लिए बेहतर है। आपके अच्छे अनुभव के कारण आपके साथी आपसे कुछ सलाह ले सकते हैं। आज घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। या आज शाम को आप घर पर पार्टी का प्लान भी बना सकते हैं। आपको रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। व्यापार के सिलसिले में आज आप यात्रा पर भी जा सकते हैं। आज के दिन गायत्री मंत्र का पाठ करें, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। आर्थिक पक्ष भी आज मजबूत रहेगा।

**कन्या राशि**-आज अपको शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति मिल सकती है। अपने कॉन्फिडेंस को जरा भी कम होने ना दें ऐसा करने से आपके लगभग हर काम सफल होंगे। साथ ही आज आपका भाग्य भी आपका साथ देगा और कुछ अच्छे मौकों के अवसर भी आपको मिल सकते हैं। कला या किसी रचनात्मक काम में आपका रूझान बढ़ेगा। आपका दांपत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा। कोई करीबी भी आपकी खुशियों को दोगुना कर सकता है। धैर्य पूर्वक के साथ की गई बातचीत आपके फेवर में होगी।

**तुला राशि**-ाज का दिन आपके फेवर में रहेगा। आज आप किसी भी जरूरी कामकाज को निपटाने में सफल होगें। लेकिन थोड़ी काम की उलझनों में आप फंस सकते हैं। आपको आज कोई बड़ा और अलग काम करने से बचना चाहिए। आपसे छुपी हुई कुछ बातें आज आपके सामने भी आ सकती हैं। जीवनसाथी के साथ आप समय बिता सकते हैं। लेकिन संतान के साथ विवाद होने की संभावना बन रही है। किसी भी मामले को बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी मित्र की मदद से आपके काम बनेंगे। किसी दूसरे का उत्साह देखकर आप उत्साहित हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स अगर किसी नए कोर्स में एडमिशन लेना चाह रहे हैं, तो आज का दिन बेहद शुभ है। साहित्य से जुड़े लोगों को उनकी काबिलियत के लिए सम्मानित किया जा सकता है। आज आप दूसरों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। बॉस आपकी परफॉरमेंस से खुश होकर आपको कोई अच्छा-सा गिफ्ट दे सकते हैं।

**धनु राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपको आज अचानक धन का भी लाभ हो सकता है। आय के नए स्रोत सामने आएंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आपका जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेगा। इससे आपका मन खुश हो जाएगा। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल भी खुशनुमा बना रहेगा। कई योजनाएं आज समय से पूरी हो जाएंगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**मकर राशि**-आज आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। अगर आप संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नए रास्ते नजर आ सकते हैं। आज आपको अपने जीवनसाथी से कोई ऐसी चीज भी मिल सकती है, जिसका आपको बहुत दिनों से इंतजार था। किसी पुराने मित्र से भी आज आपकी मुलाकात हो सकती है। आज आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं।

**कुंभ राशि**-आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आपके सोचे हुए सारे काम पूरे होंगे। इसके अलावा आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने के बारे में भी विचार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता का रस घुलेगा। आपके मन में सकारात्मकता रहेगी। इससे आपको काफी फायदा भी होगा।

**मीन राशि**-आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आपको ऑफिस में अपने काम की प्रशंसा के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को धन लाभ के मौके मिल सकते हैं। लेकिन जिम्मेदारियों के बोझ से आपका मूड़ थोड़ा खराब हो सकता है, लेकिन शाम तक मूड़ ठीक हो जाएगा।

# एक साथ चुनाव,आम सहमति जरूरी

//अजीत द्विवेदी//

**विपक्ष की लगभग सभी पार्टियों ने 'एक देश, एक चुनाव' के आइडिया का विरोध किया है। भाजपा और केंद्र सरकार के प्रति नरम रुख दिखाने वाली मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने केंद्र की बनाई रामनाथ कोविंद कमेटी को अपनी राय भेजी है, जिसमें पार्टी ने कहा है कि वह पूरे देश में सारे चुनाव एक साथ कराने के विचार का विरोध करती है। इससे पहले सभी विरोधी पार्टियों ने ऐसी ही राय कोविंद कमेटी को दी है। चुनाव आयोग ने इसका समर्थन किया है और साथ ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इसका समर्थन किया है। उसकी सहयोगी जनता दल यू ने कोविंद कमेटी से कहा है कि वह लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने के विचार से सहमत है लेकिन चाहती है कि स्थानीय निकायों के चुनाव अलग हों। मुद्दों के आधार पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को समर्थन देने वाली बीजू जनता दल ने भी इस विचार का समर्थन किया है।**

कुल मिला कर इस मसले पर राजनीतिक दलों का वैसा ही विभाजन है, जैसा भारतीय राजनीति में दिख रहा है। भाजपा विरोधी पार्टियां इस विचार का विरोध कर रही हैं तो भाजपा और उसके साथ एनडीए में शामिल घटक दल इसका समर्थन कर रहे हैं। मुद्दों पर आधारित समर्थन देने वाली पार्टियां भी इस विचार से सहमत हैं। इस स्पष्ट विभाजन के बीच कहा जा रहा है कि रामनाथ कोविंद कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिसे जल्दी ही सरकार को सौंप दिया जाएगा। इस रिपोर्ट में कमेटी 'एक देश, एक चुनाव' शीर्षक से एक अलग खंड संविधान में जोड़ने की सिफारिश करने वाली है।

उस खंड में एक साझा मतदाता सूची के आधार पर देश के सारे चुनाव एक साथ कराने के नियम और कानून होंगे। ध्यान रहे कोविंद कमेटी में विपक्ष का कोई सदस्य नहीं है। कमेटी बनाते समय लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को इसका सदस्य बनाया गया था लेकिन उन्होंने कमेटी और इस विचार का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया था। सो, बिना किसी विपक्षी सदस्य के और तमाम विपक्षी पार्टियों के विरोध के बीच कमेटी ने अपनी सिफारिश तैयार की है, जो अगले हफ्ते सरकार को सौंपे जाने की खबर है।

इस मामले में एक और दिलचस्प बात यह है कि रामनाथ कोविंद कमेटी ने 'एक देश, एक चुनाव' के आइडिया पर देश के लोगों की राय मांगी थी। कमेटी को सिर्फ 21 हजार लोगों ने अपनी राय भेजी। सोचें, 140 करोड़ की आबादी और करीब एक सौ करोड़ मतदाता वाले देश में सिर्फ 21 हजार लोगों ने कमेटी को अपनी राय भेजी, जिसमें से 81 फीसदी ने इस विचार का समर्थन किया। इसके बरक्स विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर देश के लोगों की राय मांगी थी तो करीब 50 लाख लोगों ने अपने सुझाव कमेटी को भेजे थे।

एक तरफ 50 लाख सुझाव और दूसरी ओर 21 हजार सुझाव! सवाल है कि क्या इस आधार पर तैयार रिपोर्ट को देश के आम मतदाताओं की सामूहिक सोच का प्रतिनिधित्व माना जा सकता है। इतने बड़े मसले पर फैसला करने या कोई भी राय बनाने के लिए क्या सरकार को और ज्यादा प्रयास करने की जरुरत नहीं है।

ध्यान रहे विपक्षी पार्टियां इस देश में ज्यादा मतदाताओं की राय का प्रतिनिधित्व करती हैं। अगर बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस जैसी पार्टियों को सरकार के साथ मान लें, तब भी 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का विरोध करने वाली पार्टियां 50 फीसदी से ज्यादा वोट का प्रतिनिधित्व करती हैं। देश के बड़े राज्यों में इन पार्टियों की सरकार है। दक्षिण के पांच राज्यों में से चार में सरकार चला रही पार्टियों ने इस विचार का विरोध किया है। दक्षिण में कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, जबकि तमिलनाडु में डीएमके और केरल में लेफ्ट मोर्चे की सरकार है। कांग्रेस, डीएमके और लेफ्ट तीनों ने इस विचार का विरोध किया है। क्या दक्षिण के राज्यों के विरोध को पूरी तरह से दरकिनार करके सरकार पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का फैसला कर लेगी।

इसी तरह पश्चिम बंगाल में सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस ने इसका विरोध किया है तो झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी इस विचार का विरोध किया है। दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रही आम आदमी पार्टी ने 'एक देश, एक चुनाव' के विचार पर आपत्ति जताई है। भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों के शासन वाले राज्यों की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने इस विचार के विरोध में अपनी राय कोविंद कमेटी को भेजी है। कांग्रेस हो या डीएमके और तृणमूल कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी, राजद, जेएमएम या समाजवादी पार्टी हो सबने यह कहते हुए इस विचार का विरोध किया है कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

पार्टियों ने इसे संविधान द्वारा बनाए गए संघीय ढांचे के प्रतिकूल कहा है। हालांकि सरकार का तर्क है कि आजादी के बाद तीन लोकसभा चुनावों तक ऐसा होता रहा था। लेकिन सबको पता है कि 1967 में यह चक्र टूट गया और उसके बाद से देश की राजनीतिक परिस्थितियां बहुत बदल गई हैं। अब हालात 1952 या 1957 या 1962 वाले नहीं हैं। देश में बहुदलीय प्रणाली है, जिसके तहत बड़ी संख्या में पार्टियां चुनाव लड़ती हैं और समय के साथ हर राज्य की एक अनोखी सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था विकसित हुई है।

अगर इसमे एकरुपता लाने की कोशिश होती है तो उससे विविधता और बहुलता को भी नुकसान होगा और साथ ही संघवाद की धारणा भी प्रभावित होगी। पूरे देश में एक राष्ट्रीय नैरेटिव पर चुनाव कराना भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश के लिए ठीक नहीं है। अगर पहले तीन चुनाव में ऐसा हुआ है तो उसके 60 साल बाद जरूरी नहीं है कि उस व्यवस्था को लौटा लाया जाए।

सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र और चुनाव बगैर विपक्ष की भूमिका के संभव नहीं हैं। अगर सरकार चाहती है कि देश में लोकतंत्र का तमाशा नहीं बने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव एक औपचारिकता बन कर न रह जाए तो उसे विपक्ष को इस प्रक्रिया में शामिल करना होगा। भारत को जीवंत और जाग्रत लोकतंत्र बनाए रखने के लिए इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाताओं को भी शामिल करना होगा।

मतदाताओं की व्यापक भागीदारी के बिना अगर सरकार अपनी मर्जी से एक देश, एक चुनाव के विचार को लागू करती है तो यह लोकतंत्र को कमजोर करने वाला होगा।

# ट्रंप को क्या हैली करेगी समर्थन

//श्रुति व्यास//

**जो होना ही था वह हो गया है। जो अपरिहार्य था, उसे निक्की हैली ने मान लिया है। वे राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो गई हैं। सुपर ट्यूसडे (अर्थात राष्ट्रपति चुनाव के वर्ष का वह दिन जब सबसे बड़ी संख्या में राज्यों में प्राइमरीज होते हैं) उनके लिए कतई सुपर साबित नहीं हुआ। अब यह तय हो गया कि अमेरिका में पिछले चुनाव में जिन दो बुजुर्गों का मुकाबला हुआ था, वे इस बार भी आमने-सामने होंगे। यह भी तय हो गया है कि रिपब्लिकन मतदाताओं में डोनाल्ड ट्रंप के प्रति जबरदस्त समर्थन है और उनके मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) मार्का समर्थकों का पार्टी में बोलबाला है। ये पूरी तरह उनके साथ हैं और उनकी बचकानी बातों के बावजूद उनके कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं।**

हालांकि राष्ट्रपति चुनाव की तस्वीर साफ हो चुकी है, लेकिन अब भी कई सवाल हवा में तैर रहे हैं। खासकर डोनाल्ड ट्रंप के बारे में। क्या एमएजीए समर्थकों के अलावा अन्य मतदाताओं में भी उनकी स्वीकार्यता है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल है कि क्या हैली व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप का समर्थन करेंगीं।

क्या इस बात की कोई संभावना है कि कानूनी पचड़ों के चलते ट्रंप व्हाईट हाऊस तक का सफर पूरा न कर पाएं। इनमें से अंतिम संभावना के केवल संभावना ही बने रहने की ज्यादा है क्योंकि अमरीकी न्याय प्रणाली भी भारतीय न्याय प्रणाली की कछुए की गति से काम करती नजर आ रही है।

पहले चर्चा निक्की हैली और उनके समर्थकों पर। सुपर टयूजडे को हैली ने वरमाउंट के प्रायमरी में जीत हासिल की।वे इसके पहले वाशिंगटन डीसी में विजयश्री हासिल कर चुकी थीं। मंगलवार को जिन राज्यों में मतदान हुआ उन सभी में उन्हें अपेक्षा से अधिक वोट प्राप्त हुए और ट्रंप और उनके बीच वोटों का अंतर जनमत संग्रहों के अनुमानों से काफी कम रहा। नमूना सर्वेक्षणों के अनुसार 25 से 40 प्रतिशत के बीच रिपब्लिकन मतदाता और कंजरवेटिव इंडिपेंडेंट, ट्रंप के खिलाफ हैं और हैली लगभग इन सभी के वोट हासिल करने में कामयाब रहीं।

इससे ट्रम्प की जीतने की उम्मीदों पर सवालिया निशान लग सकता है, खासकर इसलिए क्योंकि निक्की हैली (कम से कम अब तक) ट्रंप का समर्थन करने के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुई हैं। हालांकि पहले के प्रायमरियों के दौरान वे कह चुकी हैं कि ट्रंप और बाईडन में से उनकी पसंद ट्रंप होंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि वे राष्टपति चुनी गईं और यदि ट्रंप को उन पर लगाए गए 91 आपराधिक आरोपों में से किसी में भी सजा हुई तो वे उन्हें क्षमादान दे देंगीं। इसलिए हैली के समर्थक और ट्रंप के विरोधी सांस रोककर उनका रूख साफ होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

फिलहाल वे रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के बाद दूसरी शक्तिशाली हस्ती बनकर उभरी हैं। एक श्वेत पुरूष के बोलबाले वाली प्रायमरी में एक अश्वेत रिपब्लिकन महिला का अनुमान से बेहतर प्रदर्शन मामूली बात नहीं है। उन्होंने मूक, हताश, खांटी कंजरवेटिव रिपब्लिकन महिलाओं और पुरूषों को दुबारा महत्व और आवाज़ दी है, जो ट्रंप के चीखते-चिल्लाते एमएजीए समर्थकों के बीच नक्कारखाने में तूती बन कर रह गए थे। इस बीच सुपर टयूजडे की सुपर जीत के बाद ट्रम्प बदले-बदले खिे। वे हमेशा की तरह बड़ी-बड़ी बातें करने वाले आत्ममुग्ध अहंकारी नहीं दिखे। सबका मानना था कि वे अपने भाषण में कहेंगे कि देखो, जो मैंने कहा था वही हुआ और यह भी कि प्रायमरीज केवल समय की बर्बादी हैं। वे निक्की हैली पर ताबड़तोड़ हमले करेंगे और मीडिया और बाइडन को दानव बताएँगे। लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया।बल्कि उनका 19 मिनट का छोटा सा भाषण देश के निराशाजनक माहौल पर केन्द्रित रहा। उनका भाषण इतना निराशा भरा था कि कई गेस्ट उसके पूरा होने के पहले ही हॉल से बाहर निकल गए। उन्होंने कहा, दसियों लाख लोगों ने हमारे देश पर हमला कर दिया है। और शायद यह हम पर सबसे बड़ा हमला है। इसके बाद उन्होंने ऐसी बात कही जिसके सही या गलत होने का पता लगाना असंभव है। आज ऐसे लोगों की संख्या डेढ़ करोड़ हो सकती है। और ये लोग दुनिया के सबसे खतरनाक और सबसे असभ्य इलाकों से आ रहे हैं। जाहिर कि उनका मतलब प्रवासियों से था। लेकिन यह सब सुनकर भी उनके एमएजीए समर्थकों ने भड़ककर चीखना-चिल्लाना शुरू नहीं किया बल्कि बहुत शालीनता से केवल तालियाँ बजायीं। ऐसा लगा मानों वे सदमे में थे। ट्रंप अपनी जीत के बाद अमरीका की बदहाली पर दुःख व्यक्त करेंगे, ऐसी उम्मीद उन्हें नहीं थी। शायद ट्रम्प अब भी खुश नहीं है। शायद उन्हें लग रहा है कि इस जीत के बावजूद हैली उनकी राह का कांटा बनी हुई हैं। यह कहना मुनासिब होगा कि हैली ने ट्रंप के नियंत्रण वाली पार्टी में अपने लिए एक मुकाम हासिल कर लिया है। आने वाले दिनों में हमें उनका रूख पता चलेगा। क्या वे भी ट्रम्प के आगे दंडवत हो जाएँगी और सीनेटर मिच मॅककॉनल की तरह ट्रंप का समर्थन करना शुरू कर देंगीं। इन सीनेटर महोदय ने तीन साल पहले, 6 जनवरी की हिंसा के बाद ट्रंप की तीखी आलोचना की थी मगर अब वे उनके साथ हैं। या फिर हैली अपना राजनैतिक करियर रिपब्लिकन पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप बनाएंगीं और पार्टी को ट्रंप के पंजों से मुक्त करवाएंगी। जो भी हो, ट्रम्प अब पक्के तौर पर रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बन गए हैं। लेकिन इस बार उन्हें पूरी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन हासिल नहीं है। जो बाइडन के साथ संग्राम शुरू करने के पहले ट्रंप को अपनी पार्टी को व्यवस्थित करना होगा और उसे अपने पक्ष में करना होगा। जो वे तय मान रहे हैं, उसे रिपब्लिकन भी तय मानें, यह चुनौती अब उनके सामने है

## साख पर सीधा प्रहार

आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है।

किसी संवैधानिक न्यायालय का वर्तमान जज आम चुनाव से ठीक पहले राजनीति में भाग लेने का इरादा जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे, तो बेशक उससे न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर आम जन के बीच एक बेहद खराब संदेश जाएगा। और खासकर तब तो बिल्कुल ही ऐसा होगा, अगर उस जज ने अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे अनेक आदेश दिए हों और टिप्पणियां की हों, जिनसे एक पार्टी विशेष को अपना एजेंडा आगे बढ़ाने में मदद मिली हो। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय न्यायपालिका में सचमुच ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजित गंगोपाध्याय के कई आदेशों से पश्चिमी बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हुई थीं। जबकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के तृणमूल विरोधी अभियान को उन आदेशों से बल मिला था। इसीलिए जस्टिस गंगोपाध्याय ने जब यह एलान किया कि वे मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देकर राजनीति में प्रवेश करेंगे, तो उससे न्यायिक निष्पक्षता के पक्षधर लोगों को आघात पहुंचा।जस्टिस गंगोपाध्याय ने अभी नहीं बताया है कि वे किस दल की सदस्यता लेंगे या क्या वे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनेंगे। लेकिन उनकी ताजा घोषणा से तृणमूल कांग्रेस को यह कहने का आधार जरूर मिला है कि राज्य सरकार विरोधी उनकी कई पुरानी टिप्पणियां राजनीति में प्रवेश करने का आधार बनाने के मकसद से की गई थीं। यह बात अपनी जगह सही है कि समय से पहले पद छोड़कर जजों के राजनीति में प्रवेश करने का यह पहला मौका नहीं है। अतीत में कम-से-कम ऐसी दो मिसालें हैं। लेकिन यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि तब न्यायपालिका इतने सवालों से घिरी हुई नहीं थी, जितनी आज है। तब के जजों के निर्णयों को उनके व्यक्तिगत विचलन के तौर पर देखा गया था। उनमें से एक जज सत्ताधारी दल के नहीं, बल्कि विपक्ष के उम्मीदवार बने थे। जबकि आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक बड़ा हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है।

# तस्वीरों की दुनिया



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अमृत उद्यान का दौरा करने वाले देश भर के आदिवासी समुदायों सहित महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नगांव पहुंचने पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनका स्वागत किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड्स 2024 के दौरान सभा में हाथ हिलाते हुए।



नई दिल्ली में विकसित भारत एंबेसेडर्स के नारी शक्ति कॉन्क्लेव के दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी।



नई दिल्ली में लखपति दीदी महिला उद्यमी सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ एफडीएसए अध्यक्ष ए.पी. रेड्डी।



मेरठ में महाशिवरात्रि पर्व पर श्री बाबा औघड़नाथ शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालु।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में जया किशोरी को सामाजिक परिवर्तन के लिए सर्वश्रेष्ठ रचनाकार का पुरस्कार प्रदान किया।

# देश की आंतरिक सुरक्षा का स्वर्ण काल, भारत की न्याय परंपरा पर आधारित विधि व्यवस्था से आएगा बड़ा परिवर्तन

नईदिल्ली, 09 मार्च [एजेंसी]।

अलगाववादी, आतंकी और नक्सली हिंसा जैसे आंतरिक सुरक्षा के सभी क्षेत्रों में पिछले 10 साल में जबरदस्त सुधार देखने को मिला है। अंग्रेजों के जमाने के दंड पर आधारित कानूनों की जगह भारत की न्याय परंपरा पर आधारित नए आपराधिक कानून बनाकर सरकार ने आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की नींव रख दी हैं, जो इस वर्ष एक जुलाई से लागू हो जाएगा। पिछले 10 सालों को आजादी के बाद आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से देश का स्वर्णिम काल कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। आंतरिक सुरक्षा में आए गुणात्मक सुधार का ही परिणाम है कि आजादी के बाद से ही अलगाववादी हिंसा की चपेट में आया पूर्वोत्तर भारत पहली बार अमन, शांति और विकास की नई गाथा लिख रहा है, तो लगभग पांच दशक से खूनी क्रांति के माध्यम से संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए चुनौती बना नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। इसी तरह से लगभग चार दशक से पाकिस्तान समर्थित आतंकी हिंसा का शिकार रहे जम्मू-कश्मीर में भारत माता की जय जैसे उद्घोष गूंजने लगे हैं।नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद आम आदमी को अदालत में तारीख पर तारीख मिलने के जंजाल से मुक्ति मिलेगी और तीन साल में न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा। नई न्याय प्रणाली में आपराधियों के बच निकलने की गुजाईश नगण्य होगी, तो छोटे-मोटे अपराधों के लिए अदालती चक्कर काटने से भी मुक्ति मिल जाएगी। इस तरह से मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल



के अंत में दासता के प्रतीकों से भरी न्याय प्रणाली को खत्म कर भारतीय आत्मा वाली न्याय प्रणाली को स्थापित कर दिया जिसका लाभ आने वाले वर्षों में आम जनता को मिलेगा।2014 में पहली बार मोदी सरकार के आने के बाद आंतरिक सुरक्षा की स्थिति बहुत ही ज्यादा चुनौतीपूर्ण थी। शपथ ग्रहण के 10 दिन के भीतर मणिपुर में अलगाववादी हमले में सेना के 18 जवान बलिदान हो गए थे। छह महीने बाद ही असम में बोडो अलगाववादियों ने 80 से अधिक निर्दोष आदिवासियों की हत्या कर दी थी । काठमांडू से कन्याकुमारी तक रेड कोरिडोर स्थापित करने का नक्सलियों का मंसूबा बुलंदी पर था। मोदी सरकार के पहले पांच सालों में जम्मू-कश्मीर भी पत्थरबाजी व बंद रोजमर्रा की चीज थी। पुलवामा और उड़ी जैसे हमले आतंकियों के बुलंद हौसलों की गवाही दे रहे थे। इन समस्याओं के जल्द समाधान की उम्मीद काफी धुंधली दिखती थी। लेकिन पहले कार्यकाल में समस्याओं के मूल की पहचान और दूसरे कार्यकाल में उस मूल पर प्रहार कर मोदी सरकार ने आंतरिक सुरक्षा के इन नासूरों के स्थायी इलाज की दिशा में अहम कदम उठाया।आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने की कोशिशों को 2019 में अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद बल मिला।

दूसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही अनुच्छेद 370 व 35ए को निरस्त कर जम्मू कश्मीर की समस्या की जड़ पर प्रहार किया। इसके पहले पंचायत और नगर निकाय चुनाव कराकर मोदी सरकार ने साफ कर दिया था कि कठोर निर्णयों की मजबूरी के बावजूद सरकार का मूल उद्देश्य जनता तक उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को पहुंचाना और उनके जीवन को बेहतर बनाते हुए बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करना है।2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने नक्सलवाद को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया था 2024 में गृह मंत्री अमित शाह ने अगले तीन साल में नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने का ऐलान कर दिया। नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता का श्रेय सरकार की बहुआयामी रणनीति को दिया जा सकता है। एक तरफ से ईडी और एनआईए के मार्फत नक्सली फंडिंग को रोकने में काफी हद तक सफलता मिली, तो दूसरी ओर नक्सलवाद को बौद्धिक समर्थन देने वालों को बेनकाब भी किया गया।

# सहयोगियों को फिर साथ लेकर अबकी बार 400 पार करने की जुगत में भाजपा

नईदिल्ली, 09 मार्च [एजेंसी]।

भाजपा राजग का कुनबा बढ़ाने के साथ अबकी बार, 400 पार का लक्ष्य हासिल करने की जुगत में जुट गई है। इस सिलसिले में एक-दो दिन में तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) को राजग में वापसी करते हुए सीटों के बंटवारे का ऐलान किया जा सकता है। इसके साथ ही भाजपा पंजाब में अकाली दल के साथ, तो तमिलनाडु में एआईडीएमके के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम के घड़े और स्वर्गीय विजयकांत की पार्टी एमडीएमके के साथ सीटों के बंटवारे व गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है। जीके वासन की तमिल मनीला कांग्रेस पहले ही राजग में शामिल हो चुकी है। एआईएडीएमके ने भले पिछले साल सितंबर में राजग से नाता तोड़ लिया हो, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम के नेतृत्व वाले एआईएडीएमके खेमे राजग के साथ जाने का स्पष्ट ऐलान कर दिया है। इसके अलावा भाजपा वहां छोटी-छोटी अन्य पार्टियों को जोड़कर जीत के लायक जनाधार बनाने की कोशिश कर रही है।

इसमें विजयकांत की डीएमडीके और वासन की तमिल मनीला कांग्रेस मददगार हो सकती है। वहीं अभिनेता आर सनथ कुमार की पार्टी एआईएसएमके ने पहले ही राजग में जाने का ऐलान कर दिया है। वहीं कर्नाटक में जेडीएस के साथ सीटों का बंटवारा लगभग तय हो गया है और भाजपा वहां 28 में से 25 सीटों पर और जेडीएस तीन सीटों पर लड़ेगा।सहयोगी दलों की ज्यादा संख्या बिहार और महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे में मुसीबत साबित हो रही है। बिहार में भाजपा के लिए जदयू के साथ-साथ लोजपा के दोनों खेमों, उपेंद्र कुशवाहा और जीतनराम मांझी को भी समायोजित करने की चुनौती है। पिछली बार 17 सीटें लड़कर 16 सीटें जीतने वाली जदयू 16 से कम पर मानने को तैयार नहीं है।

# यूपी में कांग्रेस ने गठित की राजनीतिक मामलों व प्रदेश चुनाव, समिति, इन नेताओं को मिली जिम्मेदारी



लखनऊ, 09 मार्च [एजेंसी]।

यूपी में सपा से गठबंधन कर सीटों की घोषणा करने के बाद कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने शुक्रवार को राजनीतिक मामलों की समिति और प्रदेश चुनाव समिति का भी गठन कर दिया है। लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज करने के लिए कांग्रेस के नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय को राजनीतिक मामलों की समिति का समन्वयक बनाया गया है।

उनके सहित 42 सदस्य इस समिति में हैं, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्रा के साथ-साथ राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, मोहसिना किदवई, सलमान खुर्शीद, राशिद अल्वी, निर्मल खत्री, वीरेन्द्र चौधरी, अजय कपूर, राजीव शुक्ला और पीएल पुनिया इत्यादि शामिल हैं। वहीं, सभी फ्रंटल संगठनों के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख और सभी आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के यूपी के इंचार्ज सचिवों को भी शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश चुनाव समिति का समन्वयक अजय राय को बनाया गया है।इस कमेटी में उनके सहित कुल 39 सदस्य शामिल हैं। इसमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, बृजलाल खाबरी व कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत्र सहित अन्य कांग्रेस नेता शामिल हैं। फिलहाल अब यह दोनों कमेटियां गठित होने के बाद अब प्रचार सहित अन्य कार्यों में तेजी आएगी।

# दिल्ली में एक शादी ऐसी भी... तिहाड़ जेल से आएगा दूल्हा ऑटोमेटिक हथियार के साथ सूट-बूट में होंगे पुलिसवाले

नईदिल्ली, 09 मार्च [एजेंसी]।

गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी अपनी गर्लफ्रेंड अनुराधा के साथ 12 मार्च को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इसके लिए दिल्ली के द्वारका सेक्टर-3 में संतोष गार्डन नामक बैंक्वेट हाल में तैयारियां जोरों पर हैं। इस बैंक्वेट को गैंगस्टर संदीप के वकील ने 51 हजार रुपये में बुक किया है।खास बात है कि शादी में हाईटेक हथियार रखने वाले SWAT (स्पेशल वेपन्स एंड टेक्निक्स) कमांडो के साथ 250 पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। इस दौरान स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच और हरियाणा की सीआईए (अपराध जांच एजेंसी) की टीमें मौजूद रहेंगी। संदीप के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए किसी भी घटना को रोकने के लिए खास प्लान तैयार किया गया है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम इस बार कोई मौका नहीं लेना चाहते। इसलिए, तिहाड़ से लेकर द्वारका में विवाह स्थल तक पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संतोष गार्डन तिहाड़ जेल से करीब सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक, संदीप को अपनी शादी के लिए सुबह 10 बजे



से शाम 4 बजे तक की इजाजत मिली है।अगले दिन 13 मार्च को जोड़े की घर वापसी की रस्मों के लिए उन्हें हरियाणा के सोनीपत के जठेड़ी गांव में उनके गृहनगर ले जाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि शादी के कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास करीब 250 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। कुछ पुलिस अधिकारी सादे कपड़ों में हथियारों के साथ कार्यक्रम स्थल पर कड़ी निगरानी रखेंगे।

पुलिस ने कहा कि संदीप को बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ ले जाया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि संदीप का परिवार पहले ही 150 मेहमानों की लिस्ट पुलिस को सौंप चुका है। उन्होंने कहा कि शादी के दौरान वेटरों और अन्य कर्मचारियों को पहचान के लिए आईडी दी जाएगी। संदीप जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी सहयोगी है और उस पर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में डकैती, हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और हथियार अधिनियम के एक दर्जन से अधिक मामले चल रहे हैं।

# भारत ने रोहिंग्याओं का पहला जत्था म्यांमार वापस भेजा सैन्य तख्तापलट होने के बाद देश में दाखिल हुए घुसपैठिए



नईदिल्ली, 09 मार्च [एजेंसी]।

भारत ने शुक्रवार को घुसपैठिए रोहिंग्याओं का पहला जत्था म्यांमार वापस भेज दिया। 2021 में म्यांमार में सैन्य तख्तापलट होने के बाद सैकड़ों रोहिंग्या अवैध रूप से भारतीय राज्यों में घुस आए थे। इनके कारण भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलने का खतरा बना हुआ था। हालांकि, अभी यह जानकारी नहीं हो सकी है कि कितने लोगों को निर्वासित किया गया है। यह जानकारी पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरन सिंह ने एक्स पोस्ट कर दी। इस दौरान उन्होंने रोहिंग्याओं को वैन से एयरपोर्ट ले जाने का वीडियो भी साझा किया। गत माह भारत ने कहा था कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा समेत सीमावर्ती इलाकों के नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर म्यांमार के साथ दशकों पुरानी वीजा मुक्त आवाजाही नीति को समाप्त करने की घोषणा की थी।

## पुलिस चौकी के सामने रेस्टोरेंट में ग्राहकों व मालिक से गन प्वाइंट पर लूट, बदमाश फरार

**लोनी (गाजियाबाद)।** बॉर्डर थाना क्षेत्र की विधायक कालोनी मार्केट में पुलिस चौकी के सामने शुक्रवार शाम रेस्टोरेंट में पिज़्ज़ा खा रहे ग्राहकों और मालिक से दो बदमाशों ने गन प्वाइंट पर लूटपाट की। विरोध करने पर बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मूल रूप से बड़ौत के रहने वाले प्रशांत कुमार की विधायक कालोनी की मार्केट में रेस्टोरेंट चलाते हैं। इसमें वह विशेष तौर पर पिज्जा बेचते हैं। इसी में रेस्टोरेंट है। शुक्रवार शाम प्रशांत रेस्टोरेंट में ग्राहकों से बात कर रहे थे।ग्राहक कुर्सी पर बैठकर पिज़्ज़ा खा रहे थे। तभी दो बदमाश तमंचा लहराते हुए रेस्टोरेंट में घुस आए। इनमें एक बदमाश ने नकाब पहन रखा था और दूसरे बदमाश ने हेलमेट लगाया था।

# पीएम आवास योजना महिलाओं के सशक्तिकरण में गेम चेंजर, पीएम मोदी बोले- घर मान-सम्मान की बुनियाद है

नईदिल्ली, 09 मार्च [एजेंसी]।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गरिमा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने में घर की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए गेम चेंजर रही है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक घर गरिमा की नींव है। यहीं से सशक्तिकरण शुरू होता है और सपने उड़ान भरते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट के साथ एक वीडियो में योजना के एक लाभार्थी की कहानी भी साझा की। वीडियो में पीएम आवास योजना की लाभार्थी उर्मिला देवी बताती हैं कि जब कभी बारिश होती थी तो उनका कच्चा मकान टपकने लगता था। पक्का घर उनके लिए सपने जैसा था। उनका सपना था कि उनको शौचालय मिल जाए ताकी उनकी बेटियों को बाहर ना जाना पड़े। प्रधानमंत्री आवास योजना के कारण उनको उनकी अपनी छत मिल गई।बता दें कि उर्मिला के परिवार में छह सदस्य हैं, जिसमें दो लड़कियां भी हैं। उर्मिला देवी ने अपने परिवार के लिए घर पाकर खुशी जताई और इस योजना के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उर्मिला देवी के पति अमित कुमार गौतम ने कहा कि योजना के तहत घर मिलने से हमारी खुशी बढ़ गई है। हमें नया घर मिल गया है, अब बच्चे मजबूत छत के नीचे बिना किसी डर के रहेंगे।इसी तरह एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने स्वनिधि योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना गरीब से गरीब श्रमिक के जीवन में भी नई खुशियां लेकर आई है। इनमें बड़ी संख्या में हमारी माताएं-बहनें भी शामिल हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश की सुशीला बाई की कहानी शेयर भी साझा की। सुशीला पीएम स्वनिधि योजना की लाभार्थी हैं। सुशीला बांस का काम करती हैं। वह सूप और डलिया बनाती हैं। स्वनिधि योजना के तहत सुशीला को दस हजार का लोन मिला जिसके बाद उन्होंने अपना खुद का काम करना शुरू किया।

## पहले पत्नी से कहा पानी ले आओ, फिर खुद को मारी गोली, मौके पर ही मौत

**लखनऊ।** हुसैनगंज डायमंड अपार्टमेंट में शुक्रवार दोपहर बाद पुस्तक व्यवसायी 59 वर्षीय सुनील जेटली ने लाइसेंसी रिवाल्वर से सिर में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। गोली मारने से पहले उन्होंने कमरे में साथ बैठी पत्नी को पानी लाने के लिए भेज दिया था।गोली की आवाज सुनकर पत्नी के हाथ से ग्लास छूट गया। वह भागकर कमरे में पहुंची तो सुनील खून से लथपथ कमरे में पड़े थे। पास ही रिवाल्वर पड़ी थी। आनन फानन घरवाले सुनील को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां, डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# ड्रग्स के फर्जी मामले में फंसाने के लिए भाजपा नेत्री ने की मुआवजे की मांग, सुप्रीम कोर्ट का खटखटाया दरवाजा

कोलकाता, 09 मार्च [एजेंसी]।

बंगाल में भाजपा की युवा शाखा की नेत्री पामेला गोस्वामी ने ड्रग्स मामले में उन्हें गलत फंसाने के लिए मुआवजे की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। गत 29 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कलकत्ता हाई कोर्ट के 16 मार्च, 2023 के आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें गोस्वामी को कोकीन रखने के आरोप से बरी कर दिया गया था। मुआवजे के लिए अपनी याचिका में भाजपा नेत्री ने कहा है कि वह एक आपराधिक साजिश का शिकार हुई हैं और उन्हें बिना किसी गलती के इस मामले में झूठा फंसाया गया है। उन्हें 19 फरवरी, 2021 से 10 दिसंबर, 2021 तक कुल 295 दिनों तक



पुलिस हिरासत में अवैध रूप से रखा गया था। भाजपा से जुड़ी एक प्रमुख युवा राजनीतिक नेता होने के नाते इन झूठे आरोपों के परिणामस्वरूप उनकी व्यक्तिगत और सार्वजनिक प्रतिष्ठा को भारी नुकसान हुआ है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि कोलकाता पुलिस को पूरी पूछताछ में गोस्वामी के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला और जांच से पता चला कि एक अन्य भाजपा नेता राकेश सिंह ने व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण उन्हें ड्रग्स मामले फंसाया था। फरवरी 2021 में कोलकाता के न्यू अलीपुर पुलिस स्टेशन ने गोस्वामी और दो अन्य को उनकी कार से 76 ग्राम कोकीन बरामद होने के बाद गिरफ्तार किया था।

# एआई से संभव होगी किडनी रोगियों की बेहतर देखभाल, इसनेजकॉन-2023 में देश-विदेश के प्रख्यात किडनी रोग विशेषज्ञ हो रहे शामिल



पटना, 09 मार्च [एजेंसी]।

इंडियन सोसाइटी आफ नेफ्रोलाजी ईस्ट जोन (आईएसएनईजेडकान-2023) के वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इसमें देश-विदेश के वक्ताओं ने किडनी रोगों की पहचान व उपचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीकों की भूमिका, जलवायु परिवर्तन का किडनी रोग बढ़ने पर दुष्प्रभाव समेत उपचार की अत्याधुनिक तकनीकों पर चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम का आयोजन बिहार नेफ्रोलाजी फोरम व होप किडनी फाउंडेशन के तत्वावधान में हो रहा है। इसका उद्घाटन मेदांता लखनऊ में किडनी प्रत्यारोपण विभाग के निदेशक व एसजीपीजीआई लखनऊ के पूर्व निदेशक डा. आरके शर्मा ने किया। इस दौरान इस बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से किडनी रोगियों का बेहतर उपचार संभव होगा। कार्यक्रम में पूर्वी भारत के लगभग 250 समेत देश-विदेश के प्रख्यात नेफ्रोलाजिस्ट भाग ले रहे हैं। आयोजन अध्यक्ष डा. प्रो. हेमंत कुमार, आयोजन सचिव सह आईजीआईएमएस के किडनी रोग विशेषज्ञ डा. अमरेश कृष्ण, वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष सह आईजीआईएमएस में किडनी रोग के विभागाध्यक्ष प्रो. डा. ओमकुमार व कोषाध्यक्ष डा. प्रीतपाल सिंह हैं।

कार्यक्रम में आईजीआईएमएस पटना के कार्यवाहक निदेशक डा. वीएम दयाल, एम्स पटना के डीन रिसर्च डा. प्रेम कुमार, सी-डैक पटना के निदेशक आदित्य कुमार सिन्हा, कोलकाता के प्रो. डा. संजीव गुलाटी, ओडिसा के प्रो. डा. एसबी राउत, झारखंड के डा. एके वैद्य समेत अनेक प्रख्यात चिकित्सक उपस्थित थे। ब्रिटेन के डा. फिलिप कालरा क्रानिक किडनी डिजीज में आयरन थेरेपी के प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डायलिसिस की स्थिति में आयरन थेरेपी सीमित समय के लिए बेहतर प्रभाव दिखाती है। डा. हेमंत कुमार व डा. अमरेश कृष्णा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण, खाद्य सामग्री में बढ़ते रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल से किडनी रोगियों की संख्या बढ़ रही है।जीवनशैली व खानपान से बच्चे तक इसकी चपेट में आ रहे हैं। इस सम्मेलन का पटना में कराने का उद्देश्य नेफ्रोलाजी व चिकित्सा क्षेत्र में नई तकनीकों, शोध व अनुभव का आदान-प्रदान कर युवा डाक्टरों को लाभ पहुंचाना है।

# ईयू ने गाजा में मदद पहुंचाने के लिए नया समुद्री मार्ग बनाया लोगों को खाद्य सामग्री मुहैया कराने में मिलेगी मदद



निकोसिया, 09 मार्च [एजेंसी]।

यूरोपीय संघ (ईयू) ने गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए साइप्रस से नया समुद्री मार्ग निर्धारित किया है। शुक्रवार को राहत सामग्री लेकर एक मालवाहक जहाज गाजा के लिए रवाना हो गया है। यह जानकारी यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सला वोन डेर लियेन ने दी है।कई देशों द्वारा दी गई राहत सामग्री लेकर स्पेन का जहाज ओपन आ?र्म्स साइप्रस के बंदरगाह से गाजा के लिए रवाना हुआ है। लियेन ने कहा कि ईयू ने अमेरिका और यूएई के साथ मिलकर यह नया समुद्री मार्ग तैयार किया है। यह आपदा से जूझ रहे गाजा के लोगों को खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सामान मुहैया कराएगा।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के प्रमुख वाकर तुर्क ने कहा है कि इजरायल सरकार वेस्ट बैंक के कब्जे वाले क्षेत्रों में अवैध बस्तियों के विस्तार में बड़ी धनराशि खर्च कर रहा है। ऐसा स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र के गठन में रुकावट पैदा करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विदित हो कि इजरायल ने हाल ही में अमेरिका की कड़ी आपत्ति के बावजूद वेस्ट बैंक में 3,400 नए घर बनाने की योजना को स्वीकृति दी है। तुर्क ने कहा है कि इन बस्तियों में रहने वाली यहूदी आबादी की फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा से वेस्ट बैंक की स्थिति बिगड़ती जा रही है।

# जिला सत्र न्यायालय ने तैयार की आंख कान और दिमाग को खोलने वाली फिल्म




**कोरिया बैकुंठपुर।** रजामंदी यानी आपसी सहमति..! जिला सत्र न्यायालय बैकुंठपुर ने एक ऐसे विषय पर लघु फिल्म तैयार की है, जो आज के युवा ही नहीं बल्कि हर परिवार के लिए एक सीख है, सबक है और समझ से भरपूर है।

करीब 20 मिनट की इस फ़िल्म को देखने के बाद, एक बारगी दर्शकों को सोचने को मजबूर करेगी। सोचने के लिए इसलिए क्योंकि जिस उम्र में लिखने, पढ़ने, कैरियर बनाने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की नींव मजबूत होता है, तो वहीं यह नाजुक उम्र भी होते हैं, जिसमे एक नादानी, एक लापरवाही, एक गलतियां से जीवन भर पछतावा करने के अलावा कुछ नहीं बचता। फ़िल्म में जहाँ वकीलों की दलील सुनने पर मन आक्रोश से भर जाएगा तो सिर्फ अपराध बोध के कारण मन मे दया उतपन्न भी होता है, लेकिन न्यायालय तो न्याय के लिए है। न्यायालय का ध्येय वाक्य न्याय सबके लिए है। ऐसे में न गुस्सा काम आएगा और न ही दया..! यहाँ सिर्फ न्याय ही काम आएगा। इंसाफ काम आएगा। छोटे-छोटे जानकारियों के आभाव में किस कदर किशोरावस्था में ही लड़कियां-लड़के, ख़ौपनाक कदम उठा लेते हैं, जो स्वयं के लिए, परिवार के लिए, समाज के लिए नुकसानदेह साबित होते हैं और पछतावा के अलावा कुछ नहीं। लेकिन कानून अपने नियम से बंधे होने के कारण न्यायालय, इंसाफ देने को तैयार रहती है। पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर के द्वारा लैंगिग अपराध से संबंधित लघु फिल्म रजामंदी 18 वर्ष से कम तैयार की गई है। इस फिल्म का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को फिल्म के माध्यम से इस गंभीर अपराध के संबंध में जागरूक करना है। राम गोस्वामी (राम पुरी) निर्देशक व एम.ए. फिल्म एन्ड थियेटर एम.जी.ए.एच.वी., वर्धा, महाराष्ट्र के बैनर में बने इस फिल्म के छायांकन, सम्पदन सह निदेशक प्रवीण तिवारी है तो बैकुंठपुर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान, न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहन सिंह कोर्राम मार्गदर्शन में व सहनिर्माता वीरेंद्र सिंह सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयास से यह लघु फिल्म तैयार की गई है। फ़िल्म रजामंदी 18 साल से कम यूट्यूब पर प्रसारित है। इसका लिंक https://youtu.be/_wfKvpUjqwI है, इसे हर वर्ग को देखना, समझना चाहिए! किशोरों या युवाओं के लिए यह फ़िल्म एक सबक, सीख के साथ समझ भी विकसित करेगी।

इस फ़िल्म के हर कलाकार ने बखूबी अभिनय किया है ऐसा लगता है, यह कलाकार मानो रंगमंच के मंझे हुए कलाकार हो।

## 216 पाव अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को थाना रामानुजनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने अवैध कारोबार के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए नशे के कारोबार से जुडे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है जिसके बाद से ही थाना-चौकी की पुलिस के क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल बिछाए हुए है। इसी तारतम्य में 08.03.2024 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम तेजपुर का सुरेन्द्र प्रकाश साहू ददउ कालोनी में एक व्यक्ति के किराये के मान में अपने कब्जे में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री करने हेतु रखा है। मुखबीर सूचना की तस्दीकी व कार्यवाही के लिए थाना रामानुजनगर पुलिस मौके पर पहुंची और विधिवत रेड कार्यवाही के दौरान सुरेन्द्र प्रकाश साहू पिता भैयाराम साहू उम्र 25 वर्ष ग्राम तेजपुर थाना रामानुजनगर मिला जिसके कब्जे से अंग्रेजी शराब मेकडावल नंबर वन- 72 पाव, गोवा विस्की 144 पाव कुल 216 पाव (कुल 38 लीटर 880 एमएल) कुल कीमत 31680 रूपये का पाए जाने पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते, बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक हंसराम कनेडिया, सुशील तिवारी, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, विकास पटेल, कौशलेन्द्र सिंह, अमलेश्वर सिंह व दीपक यादव सक्रिय रहे।

## लग्जरी गाड़ी में शराब-अफीम की तस्करी

**बलरामपुर।** बसंतपुर पुलिस ने नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है. 2 लाख रुपए के अफीम और डोडा के साथ लक्जरी गाड़ियों से महंगी शराब की तस्करी करने वाले कुल छह आरोपियों समेत एक अपचारी बालक को पकड़ा है. बता दें कि होली के मद्देनजर वाड्रफनगर के सरहदी क्षेत्र में पुलिस के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है. वाहनों की जांच के दौरान 3 लग्जरी गाड़ियों से भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा जप्त किया गया है. वहीं दूसरी कार्रवाई में नाबालिग के द्वारा लगभग 2 लाख रुपए के अवैध डोडे और अफीम की बस में तस्करी की जा रही थी, पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## दो युवकों को ट्रक चालक ने रौंदा

**बलरामपुर।** जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. जहां तेज रफ्तार ट्रक ने 2 बाइक सवार युवकों को ठोकर मार दी. दोनों की मौके पर ही मौत हो गई है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. बता दें कि कोतवाली थाना क्षेत्र के पास बड़कीमहरी के पास एक्सीडेंट हुआ है. जहां 2 युवकों को ट्रक ने रौंद दिया. हालांकि, घटना के बाद जानकारी मिलते ही पुलिस ने एक्सीडेंट कर भाग रहे ट्रक को पस्ता के पास पकड़ लिया है. जानकारी के अनुसार, दोनों नल जल योजना में काम करते थे. हादसे के बाद मौके से भाग रहे ड्राइवर को भी पकड़ लिया गया है।

## महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री साय ने संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और महाशिवरात्रि को बधाई देते हुए अपने सम्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि महिला दिवस तरह मनाएं इस पर खूब विचार किया तब बात समझ में आई कि आप सभी बस्तर जैसे क्षेत्र में अपनी जान का जोखिम उठाकर राज्य और देश की सुरक्षा के लिए तैनात हैं। हमारे देश में नारियों का प्राचीन काल से ही सम्मान किया गया है। कहा जाता है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:7 हमें बुद्धि चाहिए होती है तो हम माँ सरस्वती की पूजा करते हैं, हम धन और समृद्धि के लिए माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं।

# एक्सीडेंट जोन पर चिंता, लगाए जाएं मार्मिक बोर्ड




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, बैकुंठपुर में कोरिया व एमसीबी जिले के अधिकारियों के साथ जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद श्रीमती महंत ने अधिकारियों को सुझाव देते हुए कहा कि अंधे मोड़, ब्लैक स्पॉट या अधिक दुर्घटना जगहों का चिन्हांकन कर उस स्थानों पर सम्बंधित अधिकारियों को मार्मिक बोर्ड लगाने की सुझाव दिए ताकि तेजी से या लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से रोक लग सके।

पहाड़ी क्षेत्रों से गुजरने वाले सड़कों में पहाड़ से बरसात के समय भूस्खलन से गिरने वाले भारी चट्टानों को रोकने व इनसे दुर्घटना न हो इस पर कार्य योजना बनाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए कार्य योजना तैयार कर अग्रिम कार्यवाही के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे गए हैं। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अधिकारियों को निर्देश देते हुए सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि पीने के पानी की व्यवस्था के लिए उचित प्रबंधन करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के लिए अधिकारियों को क्वालिटी के साथ समझौता नहीं करने व नियत समय पर हर घर पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। एमसीबी कलेक्टर राहुल वेंकट ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि हितग्राहियों को पीने के लिए साफ जल की जरुरत है, इस कार्य में बिल्कुल लापरवाही नहीं बरती जाए। दोनो जिलों में स्वास्थ्य अधोसंरचना व अस्पतालों में डॉक्टरों की जरूरतों की समीक्षा करते हुए श्रीमती महंत ने कहा कि कोरिया में शीघ्र नए जिला अस्पताल तैयार हो जाने से अंचल के लोगों को लाभ मिलेगा। सीटी स्कैन सुविधा से मरीजों को लाभ मिला है। उन्होंने जिला अस्पताल में एम्बुलेंस संजीवनी 108 की आवश्यकता पर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए। एमसीबी के जनप्रतिनिधियों ने मनेंद्रगढ़ व चिरमिरी अस्पतालों में सोनोग्राफी या अन्य जांच के नाम पर वहाँ पदस्थ कर्मियों द्वारा ग्रामीणों व गरीबो को बेवजह चक्कर लगवाते हैं, इसे दुरुस्त करने का सुझाव दिए। इस पर सांसद श्रीमती महंत ने जिला कलेक्टर राहुल वेंकट को व्यक्तिगत ध्यान देते हुए निराकरण करने का सुझाव दिए। श्रीमती महंत जिले में आंगनबाड़ी भवनों पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर कोरिया की सराहना की। कलेक्टर श्री लंगेह ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि प्राथमिक स्कूल व आंगनवाड़ी भवनों की जहां भी आवश्यकता, मांग हो उसे शीघ्र मंजूरी की जाएगी। एमसीबी व कोरिया से आए जनप्रतिनिधियों ने सांसद व अधिकारियों के समक्ष स्कूलों में शौचालय बनाने व बने हुए शौचालय में नियमित सफाई व पानी की व्यवस्था करने का मुद्दा उठाया। दोनों जिलों के कलक्टरों ने जिला शिक्षा अधिकारियों को तत्काल इस पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सांसद श्रीमती महंत ने भी स्कूलों में शौचालय साथ ही पानी की उपलब्धता व नियमित साफ-सफ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। स्कूल विभाग की समीक्षा के दौरान श्रीमती महंत ने स्कूली बसों में सुरक्षा की दृष्टिकोण से कैमरा व महिला कर्मी रखने के सुझाव दिए। कलेक्टरों ने इस सुझाव को नोट करते हुए आश्वस्त किया कि शीघ्र इसका निराकरण की जाएगी। जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, बिहान व लखपति दीदी सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस पर सांसद श्रीमती महंत ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर कहा कि पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिया जाए जबकि पक्के मकान वाले भी हितग्राही बन जाते हैं, उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि बारीकी से जांच करें व शासन की मापदंड के अनुरूप ही मकान आवंटित करने व बनाने की कार्यवाही किया जाना चाहिए। डॉ चतुर्वेदी ने सांसद को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन के मन्शा अनुरूप ही पात्र हितग्राहियों को आवंटित किया जा रहा, फिर भी ऐसी कोई शिकायत आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने कोरिया कलेक्टर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आप इसी तरह जिले के मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करते हुए बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जिले के विकास में योगदान दें। श्रीमती महंत ने चुटकी लेते हुए कहा कि ये उनके कार्यकाल का यहां आखिरी बैठक है, अब आगे प्रभु जाने! बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, सहित दोनो जिलों के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह , एमसीबी कलेक्टर राहुल वेंकट, कोरिया एसपी सूरज सिंह परिहार, एमसीबी एसपी चंद्रमोहन सिंह जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी सहित कोरिया व एमसीबी जिले के विभागीय अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## उमनि/एसएसपी ने मामलों को अनावश्यक लंबित न रखने एवं निकाल की गति तेज करने के दिए निर्देश

### कार्यों में लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध की जाएगी अनुशासनात्मक कार्यवाही



**सूरजपुर।** उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें कहा कि जिले की पुलिस ऐसे काम करें जिससे लोगो का पुलिस पर विश्वास और बढ़े तथा अपराधियों में पुलिस का ख़ौफ़ हो, अपनी पीढ़ा लेकर थाना-चौकी आने वाले फरियादियों की बातों को पूरे गंभीरता के साथ सुनते हुए कार्यवाही की जाए, पुलिस जवानों से लगातार संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं सुनते हुए निराकरण किए जाए, अवैध कारोबार करने वाला कोई भी व्यक्ति खुले में न घुमे इनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जेल की सलाखों के पीछे भेजे जाए, उक्त निर्देश उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने शुक्रवार, 08 मार्च को जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को बैठक के दौरान दी।

उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने सख्त लहजे में प्रभारियों को कहा कि अपराध, चालान, शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए, एफआईआर दर्ज होने से ज्यादा निकाल की गति अधिक होनी चाहिए, थाना-चौकी के कार्यो की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, कार्यो में लापरवाही परिलक्षित होने पर संबंधित बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने महिला संबंधी अपराधों की विवेचना संवेदनशीलता के साथ करते हुए जल्द चालान पेश करने, बेसिक पुलिसिंग, निष्पक्ष व्यवहार एवं कठोर कार्यवाही से अवैध कार्य करने वालों पर पूर्णत: अंकुश लगाने, लंबित वारंटों की तामिली अधिक से अधिक करने, नशीली पदार्थो के सप्लाई चैन को पूर्ण रूप से नष्ट करने की दिशा में गंभीरता से कार्य करने, क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र मजबूत कर संपत्ति संबंधी अपराध चोरी, नकबजनी, धोखाधड़ी आदि को रोकने के लिए अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्यवाही करने तथा रात्रि गस्त एवं पेट्रोलिंग को सुदृढ़ करने एवं सामुदायिक पुलिस के तहत वृहद स्तर पर स्कूल-कालेजों में जन जागरूकता के अभियान चलाने के निर्देश दिए। आगामी दिनों में आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान पुलिस की कार्रवाई पुख्ता हो, सभी प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करने, सभी प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र के मतदान केन्द्रों की स्थिति, चुनाव ड्यूटी में आने वाले पैरामिलिट्री फोर्स के रुकने की व्यवस्था, शस्त्रों को थाना में जमा कराने, आदर्श आचरण संहिता, चुनाव संबंधी आवश्यक व महत्वपूर्ण निर्देश, पुलिस द्वारा रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में निर्देश दिए। इस दौरान सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, परिवीक्षाधीन डीएसपी स्निग्धा सलामे, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सायबर फ्रॉड के मामले में दो कंपनियों के डायरेक्टर गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले के बसंतपुर थानाक्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति से शेयर खरीदने तथा उंचे दर पर लाभ दिलानें का झांसा देकर लाखों रूपये की ठगी करने वाले दो आरापियों को गिरफ्तार किया है। मामलें में पुलिस ने एक आरोपी को गुजरात तथा दूसरे को तमिलनाडू से पकड़ा है।

साथ ही आरोपियों के बैंक में जमा लाखों रूपयों को होल्ड कराया गया है। 24 जनवरी 2024 को वार्ड नं. 45, वैशाली नगर, कौरिनभाठा निवासी भावेश वाल्दे पिता लच्छनराम वाल्दे ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसे मोबाईल नम्बर 7828219021 पर डब्ल्यू-रोज प्राईस स्टॉक पुलिंग ग्रुप का लिंक आया तथा उक्त लिंक को टच करने पर वह उससे जुड़ गया। उक्त ग्रुप में अनेक प्रकार के शेयर खरीदने और बेचने का आफर दिया गया और बताया कि आपको सिर्फ शेयर खरीदना है आपको प्रति दिन 5 प्रतिशत से 10.30 प्रतिशत का लाभ दिलाने का काम उनका है यह भरोशा दिलाया।

## प्रदेश में मार्च में ही गर्मी तोड़ेगी रिकॉर्ड 40 डिग्री तक जाएगा तापमान

**रायपुर।** प्रदेश में लगातार तापमान बढ़ने से गर्मी भी बढ़ते जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में गर्मी और बढ़ने वाली है। आने वाले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही मौसम शुष्क रहेगा। 15 मार्च तक ही प्रदेश में कुछ क्षेत्रों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। इस साल मार्च में दो साल पहले यानि मार्च 2022 की गर्मी का भी रिकार्ड टूट सकता है. इसके साथ ही अप्रैल और मई माह भी तपाने वाले रहेंगे. बहरहाल पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से फिलहाल तापमान बढ़ने के बाद भी गर्मी का प्रभाव थोड़ा कम है। प्रदेश भर में कोरिया का सोनहत सबसे ठंडा रहा. जहां का न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर की तेज धूप अब लोगों को चुभने लगी है। राजधानी का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा रह। आज राजधानी रायपुर सहित कई क्षेत्रों में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने कहा कि प्रदेश का मौसम अब शुष्क ही रहेगा और आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी की उम्मीद है।

## राम नाम का गोदना बनवाकर जगा रहे भक्ति की अलख

**रायपुर।** पूरे शरीर में राम नाम का गोदना, सिर पर मोरपंख का मुकुट धारण किए और राम नाम लिखा वस्त्र पहनकर रामभक्ति की अलख जगाते रामनामी लोगों में रामभक्ति की अनोखी परंपरा है। ऐसे ही अनुयायियों का दल राजिम कुंभ मेला में पहुंचा है। सारंगढ़, बिलाईगढ़, जांजगीर-चांपा और बलौदाबाजार जिले से लगभग 18 रामनामी आए हुए हैं, जिसमें तीन महिलाएं और पुरूष शामिल हैं। इनके सिर पर मोर पंख लगा हुआ मुकुट है, जिसके नीचे में राम-राम लिखा हुआ है। श्री कौशल भारतीय ने बताया कि इस पंथ को मानने वाले अपने पूरे शरीर में राम-राम का गोदना बनवाते हैं।

## पशु तस्करी के मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** घुमका क्षेत्रांतर्गत में माह जनवरी में पशु तस्करी के मामले में फरार हुए दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा तस्करी करते पकड़े जाने पर वाहन से पशुओं को छोड़ दिया गया था जिससे दो पशुओं की मृत्यु हो गई थी। मिली जानकारी के अनुसार थाना घुमका क्षेत्रांतर्गत दिनांक 30 जनवरी 2024 को मुखबीर से सुचना मिली कि मुडपार. उपरवाह राजनांदगांव से होते हुए महाराष्ट्र की ओर छह पहिया वाहन 1512 वाहन क्रमांक सीजी 07 सीई 8676 में मवेशी भरकर उसका चालक कत्लखाना ले जा रहा है। सूचना पर तस्दीक हेतु थाना घुमका ग्राम उपरवाह पहुंचा । ग्राम उपरवाह पहुंचकर वाहनों की चेकिंग किया । चेकिंग के दौरान मुडपार तरफ से एक लाल रंग की छह पहिया वाहन आ रही थी जिसके पीछे डाला में मवेशीयों ठूंसकर भरा गया था उक्त वाहन के चालक के द्वारा पुलिस को देखकर वाहन को वापस मोड़कर भागते हुए थोड़ी दूर जाकर चालक के द्वारा डाला में ठूंसकर भरे हुए 25 से 30 मवेशीयों को डाला से गिरा कर भगा दिया एवं वाहन को मौके पर छोड़कर वहां से फरार हो गया । मवेशीयों को डाले से गिराने पर मौके पर दो मवेशी की मौत हो गई थी तथा बाकी मवेशी वहां से उपरवाह गांव खेत तरफ भाग गये थे। भागे हुए मवेशीयों को ढुंढने पर 29 नग मवेशी जप्त कर बंजारी गौशाला पिंजरापोल ग्राम बरगाही मे सुरक्षार्थ रखवाया गया।

# राजिम कुंभ ने बनायी देश में अपनी विशेष पहचान: राज्यपाल





**रायपुर।** राजिम के त्रिवेणी संगम में 24 फरवरी से प्रारंभ राजिम कुंभ कल्प-2024 आज 08 मार्च को भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने की। राजिम कुंभ के दौरान संगम नगरी राजिम कुंभ कल्प में अयोध्या धाम का आकर्षक वैभव दिखा। इस वर्ष का राजिम कुंभ कल्प रामोत्सव के रूप में मनाया गया। कुंभ में देशभर से साधु-संत एवं महामंडलेश्वर भी शामिल हुए। समापन समारोह के अवसर पर मुख्यमंच में राज्यपाल श्री हरिचंदन एवं मौजूद अतिथियों ने भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। साथ ही प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

समापन समारोह में राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पवित्र नगरी राजिम के कुंभ मेले में शामिल होकर मुझे आत्मिक प्रसन्नता हो रही है। राजिम मेले में पधारे समस्त संतों, विद्वानों और धर्मगुरूओं को मैं प्रणाम करता हूं। यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि देश के प्रतिष्ठित आचार्यों, साधु, संतों, महामंडलेश्वर, महात्माओं का आगमन राजिम में हुआ है। संतो के दिखाए मार्ग पर चलने से ज्ञान की प्राप्ति होती है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के हृदय स्थल में महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर स्थित राजिम नगरी, छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में प्रतिष्ठित प्रमुख तीर्थ स्थल है। इस वर्ष 24 फरवरी माघ पूर्णिमा से राजिम कुंभ कल्प मेले का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन, संस्कृति और धर्मस्व विभाग द्वारा किया गया। इस मेले का आज समापन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेले में कलाकारों का संगम, श्रद्धालुओं की असीम आस्था और संतों के आशीर्वाद से राजिम कुंभ मेले ने देश में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इस मेले में छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई है जहां शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत होकर नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंच में राज्यपाल हरिचंदन को 'राजिम कुंभ कल्प लोक आस्था का विराट संगम' पुस्तिका भेंट की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि 5 साल बाद पुन: भारतवर्ष के वासी इस भव्य आयोजन के साक्षी बने है। सभी प्रतीक्षा में थे की राजिम कुंभ का पुन: आयोजन होना चाहिए। उन्होंने इस भव्य कुंभ के आयोजन के लिए मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज माता शक्ति स्वरूपा का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और भगवान शिव का दिवस महाशिवरात्रि है। यह ब्रम्हांड के सृजन का दिन है। उन्होंने सभी को राजिम कुंभ कल्प की बधाई देते हुए कहा कि राजिम कुंभ में पहुंच के कृतार्थ हुए। समापन समारोह में संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 5 साल बाद पुन: राजिम कुंभ का भव्य आयोजन हुआ। यह सब साधु संतो के आशीर्वाद से ही संपन्न हुआ। उन्होंने सभी साधु संतो को प्रणाम करते हुए उनका अभिवादन किया। राजिम कुंभ कल्प में देशभर के साधु-संत, महात्मा एवं महामंडलेश्वरों ने शामिल होकर सद्गुणों की अमृतवर्षा की। इससे सभी श्रद्धालुगण कृतार्थ हुए। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि पूरे देश में नदियों, पानी को बचाने जुटी साध्वी प्रज्ञा भारती का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की जन्मभूमि है, प्रभु श्रीराम का वन गमन मार्ग है यह पूरे देश और विश्व को पता लगे इसी उद्देश्य से राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ में इस वर्ष 20 लाख से अधिक श्रद्धालुगण शामिल हुए। उनके सहयोग से यह कुंभ संपन्न हुआ। कुंभ में देशभर के साधु संत एवं शंकराचार्य भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के बाद मध्य भारत में कोई प्रयागराज है तो वह राजिम है। यहां हजारों साल प्राचीन मंदिर है। ऋषि मुनियों का आश्रम है। राजिम धार्मिक, सांस्कृतिक महत्वों के लिए पूरे देश में विशेष स्थान रखता है। समापन समारोह में सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती रेखा सोनकर, प्रबंध संचालक पर्यटन जितेन्द्र शुक्ला, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, एसएसपी अमित तुकाराम कांबले सहित देशभर से आए साधु संत, महा मंडलेश्वर सहित भारी संख्या में आमजन मौजूद थे।

# सरकारी कामकाज की रफ्तार थमी कार्य दिवस की कटौती से, सेवाओं पर पड़ रहा असर

### अवकाश और अन्य कारण से मनमानी चरम पर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में सुशासन के संकल्प के साथ जनता ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार को अगले पांच साल काम करने का मौका दिया है। चुनाव के दौरान घोषित संकल्प पत्र के दावों को पूरा करने के लिए सरकार काम कर रही है। इन सबसे अलग हटकर महसूस किया जा रहा है कि पिछली सरकार के द्वारा सरकारी कार्यालयों में कामकाज के दिनों की संख्या सप्ताह में 5 दिन करने से कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई है। इसके चलते कर्मचारियों को मौज है जबकि जनता को समस्याएं हो रही है।

नई सरकार का गठन हुए तीन महीने का समय हो रहा है। इस दौरान अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन और जनता को सहूलियत दिए जाने को लेकर ऐसा लग रहा है कि उपरोक्त व्यवस्था की तरफ न तो सरकार के लोगों ने ध्यान दिया और न ही प्रशासन के अधिकारियों ने। कोरबा सहित अन्य जिलों में कमोबेश एक जैसी स्थिति बनी हुई है। घोषित रूप से सप्ताह में महज 5 दिन ही सरकारी कार्यालय खुल रहे हैं, वह भी तब जब इस अवधि में कोई अवकाश न हो। जबकि कई बार ऐसी स्थिति होती है जब सप्ताह में एक या दो अवकाश पड़ने से कार्यालयों की रौनक 3 से 4 दिन ही रहती है। ऐसे में कार्यालयों में सरकारी योजनाओं के साथ-साथ अन्य संबंधित कामकाज न के बराबर हो पाता है




और पेंडेंसी की गति बढ़ने लगती है। फाइलों के अंबार लगने से अधिकारी से लेकर कर्मचारियों के सामने भी दिक्कतें होना लाजिमी है। दूसरी ओर यह बात भी देखने को आ रही है कि आगामी कार्यदिवस को अवकाश होने से कर्मचारी वर्ग कुछ ज्यादा ही उत्साहित हो जाता है और वर्तमान दिवस को समय से पहले ही गोल मारने की मानसिकता बना लेता है। इससे अलग अवकाश के बाद अगले कार्यदिवस को उनकी उपस्थिति अक्सर विलंब से होती है। समय-समय पर होने वाले शिविर और यहां-वहां के कामकाज के चक्कर में कर्मियों की उपस्थिति मौके पर न के बराबर होने के चलते जन सामान्य से जुड़े हुए काम पर सीधा असर हो रहा है। इन सबको ध्यान में रखते हुए अब मांग उठ रही है कि पहले की तरह सरकारी कार्यालयों में कामकाज के दिन सामान्य किये जाने चाहिए न कि उन्हें केवल 5 दिन के लिए संचालित किया जाए। वैसे भी धरना प्रदर्शन और दूसरी मांगों के कारण कामकाज बाधित हो रहा है और निष्पादकता पर भी इसका असर पड़ रहा है।

### स्कूलों की सेवाएं जस की तस

दूसरी ओर शिक्षा विभाग, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं जस की तस कायम है। राजपत्रित और अन्य अवकाश को छोड़ दिया जाए तो इन विभागों के कर्मियों को सामान्य रूप से सेवाएं देनी पड़ रही है। पुलिस और स्वास्थ्य के मामले में अवकाश के बहुत ज्यादा मायने नहीं रह गए हैं। इसलिए भी सरकार को सप्ताह के कार्यदिवस के निर्धारण को लेकर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है ताकि कामकाज को और भी बेहतर किया जाना संभव हो सके।

### ऐसे बिगड़ रही व्यवस्था

पीड़ितों का कहना है कि शनिवार को सरकार ने कार्यदिवस शून्य रखा है जबकि रविवार को सामान्य अवकाश घोषित है ही। यानि कर्मचारियों को एक साथ दो दिन की छुट्टी। ऐसे में अगर मंगलवार को यदि कोई अवकाश की स्थिति बन रही होती है तो कर्मचारी सोमवार को अर्जित अवकाश का आवेदन लगाने का साथ सीधे-सीधे चार दिन के लिए अपनी व्यवस्था बना लेते हैं। समझा जा सकता है कि इतने समय तक कार्यालयों में स्टाफ के दर्शन नहीं होने से कार्य संपादन पर क्या असर पड़ता होगा।

### निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता

सरकार ने प्रशासन के अधिकारियों को समय-समय पर सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दे रखे हैं। मंशा यह है कि इसी बहाने कार्यालयों के कामकाज को ठीक रखा जाए और कर्मचारियों को निष्ठावान बनाने की सीख मिले। कोरबा जिले में ऐसा कुछ हो भी रहा है इसकी झलक बहुत कम देखने को मिल रही है। कभी कभार प्रशासन के अधिकारी इक्का-दुक्का कार्यालय पहुंचकर यह दिखाने का प्रयास करते हैं कि फरमान पर काम हो रहा है। अधिकांश कार्यालय इसी वजह से बेलगाम हो चले हैं और वहां कार्य संस्कृतिक का कोई लेना-देना नहीं रह गया है।

# दुष्कर्मी और सटोरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा


पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी व सटोरिया।

**कोरबा।** लंबित प्रकरणों को निराकृत करने के लिए जिले की पुलिस तेजी से काम कर रही है। ऐसे मामलों को सूचीबद्ध करने के साथ कार्रवाई का दौर चल रहा है। पुलिस ने दुष्कर्म और सट्टा से जुड़े मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। औपचारिकता के साथ दोनों को जेल भेज दिया गया।

जानकारी दी गई कि सिविल लाइन थानांतर्गत दैहिक शोषण से जुड़े एक प्रकरण में पीड़ित पक्ष के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस सिलसिले में कांशीनगर निवासी माखनलाल राठौर 30 वर्ष के विरूद्ध धारा 376 (2/छ), 506 भादवि का प्रकरण 152/24 कायम किया गया। पीड़िता ने बताया था कि 11 वर्ष पहले आरोपी से जान पहचान थी। वर्ष 2016-17 से उसने पीड़िता को पसंद करने और विवाह करने का आश्वासन दिया, जिस पर वह मना करती चली आ रही थी। पीड़िता के समक्ष लगातार बार-बार यही बात दोहराई गई और उसके मना करने पर भी घर पर आकर इस प्रकार की बयानबाजी की गई। कई मौकों पर उसने जबरिया दुष्कर्म किया। 8 अगस्त 2023 तक यह सिलसिला चलता रहा। पुलिस ने इसे बलात्कार की श्रेणी में माना और प्रकरण दर्ज कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। एक अन्य कार्रवाई में दर्री पुलिस ने प्रेमनगर पुराना तहसील कार्यालय के पास रहने वाले ऋषभ देवांगन को सट्टा एक्ट में गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से दो मोबाइल और 250 रुपए नगद रकम जब्त की गई। सोशल मीडिया और वाट्सएप के माध्यम से सट्टा गेम चला रहा था। मोबाइल पर इसके प्रमाण मिले हैं। अगारखार के रहने वाले ऋषभ ने बताया कि काफी समय से वह इस काम में संलग्न रहा है। दर्री थाना प्रभारी रूपक शर्मा और टीम ने उसे गिरफ्तार किया। बताया गया कि अवैध कारनामों की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

# विवाहित व्यक्ति के चक्कर में फंसी युवती

**कोरबा।** जानकारी होने के बावजूद विवाहित युवती के संपर्क में आना है एक युवती के लिए भारी पड़ गया। लंबे समय तक उसके साथ रहने से वह अनहोनी का शिकार हो गई। उरगा पुलिस ने यूपी की शिकायत पर युवक के विरुद्ध 376 आईपीसी का प्रकरण दर्ज किया है और आगे कार्रवाई कर रही है।

इस मामले में मरवा रानी के नजदीक के गांव भाटापारा मोगरा निवासी अश्विनी कंवर को नामजद़ किया गया है। थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पीड़िता भी इसी इलाके की निवासी हैं जो कुछ समय पहले युवक के संपर्क में आई। बाद में दोनों के बीच अवैध संबंध स्थापित हो गए। विवाह का दबाव बना तो वास्तविकता सामने आ गई। ऐसे में युवती को लगा कि उसके साथ गलत हो रहा है। उसने इस मामले की शिकायत पुलिस थाना में दर्ज कराई। मामले को गंभीर श्रेणी का मानते हुए पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करने के साथ पुलिस के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें अपने आसपास में घटित होने वाले अपराध व उनसे बचने के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं। इतना सब कुछ होने के बावजूद कई क्षेत्रों में अप्रत्याशित घटनाएं हो रही हैं और लोग इनकी चपेट में आ रहे हैं।

***सक्ती।** हत्या के मामले सक्ती पुलिस ने आरोपी विजय भारद्वाज को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने भरतलाल की पुरानी रंजिश पर हत्या कर दी थी।

# तीन नशेड़ियों की बाइक जब्त



**कोरबा।** नशे में धुत्त होकर दुपहिया वाहन चलाते हुए सड़क हादसे का दावत दे रहे तीन बाइकर्स के विरूद्ध सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 185 भादवि के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहन को जब्त कर कोरबा न्यायालय विचारण के लिए पेश किया है। चालकों से प्रति वाहन 10-10 हजार रुपए शासन द्वारा जुर्माना कोर्ट द्वारा वसूला गया है। चालकों में राताखार निवासी शिव कुमार पटेल, दिलीप दास महंत निवासी सीतामणी तथा विमल पटेल निवासी सलिहाभाठा के उपर कार्रवाई की गई है। आगे इस तरह की कार्रवाई सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा टीआई नितीन उपाध्याय के निर्देशन एवं एएसआई अजय सिंह ठाकुर तथा आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता व स्टाफ के निर्देशन में जारी रहेगी। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने अवैध नशा करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिएहैं।

***कोरबा।** चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुनने और उसका हल निकालने का काम पुलिस कर रही है। विभिन्न थाना-चौकियों को इसका जिम्मा मिला है।

# महाशिवरात्रि पर शिवालय पहुंचे विधायक पटेल



**हरदीबाजार।** सनातन धर्म के महत्वपूर्ण पर्व महाशिवरात्रि पर क्षेत्र में अनुष्ठान किए गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर पूजा अर्चना की और ईश्वर से सुख समृद्धि व कल्याण की कामना की। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के नेता और विधायक प्रेमचंद पटेल ने पर्व पर सरोकार दिखाएं। उन्होंने आसपास के शिवालय में पहुंचकर पूजा अर्चना की। विधायक ने सभी के सुखमय भविष्य की कामना ईश्वर से की। क्षेत्र के लोगों ने इस मौके पर देवालय की स्थिति के बारे में जानकारी दी। वहां पर समुचित विकास के लिए प्रस्ताव दिए गए ताकि उनकी स्थिति अच्छी हो सके। विधायक ने लोगों की बातों को गंभीरता से सुना और जल्द ही इस दिशा में अच्छी कोशिश करने का आश्वासन भी दिया। विधायक के प्रवास के दौरान गणमान्यजन और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# पथर्रीपारा में 5 फीट लंबे सांप को किया रेस्क्यू

**कोरबा।** गर्मी की शुरुआत होने के साथ ही प्रदेश के कोरबा जिले में सांपो के निकलने का दौर शुरु हो गया है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सांप लगातार निकल रहे हैं,जिससे लोग भी दहशत में आ रहे है। ताजा मामला पथर्रीपारा क्षेत्र का है जहां पांच फिट का नाग सांप बीच बस्ती में निकला। सांप को देखते ही लोगों के बीच अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई। लोगों को समझ नहीं आ रहा था,कि वो करें तो क्या करें। इस बीच किसी ने सर्पमित्र जितेंद्र सारथी को फोन किया,मौके पर पहुंचे सर्पमित्र जितेंद्र ने सांप का रेस्क्यु किया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया

# केएमसी में छात्रों के लिए सहायक साबित हो रहे पार्थिव शरीर

**कोरबा।** चिकित्सा जगत में हो रही नई खोज और इसके माध्यम से मरीजों के उपचार का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है. चिकित्सा छात्रों के अध्ययन के मामले में सबसे ज्यादा भूमिका डेड बॉडी की होती है। कोरबा के सरकारी मेडिकल कॉलेज में छात्रों की सुविधा के लिए फिलहाल 5 डेड बॉडी उपलब्ध है। अच्छी बात यह है कि समय के साथ पुरानी मान्यताओं से हटकर लोग देहदान करने को लेकर मानसिकता बना रहे हैं.

भारत सरकार के द्वारा पिछले वर्षों में कोरबा को मेडिकल कॉलेज की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जहां पर चिकित्सा की पढ़ाई प्रारंभ हो गई है. 125 सीट क्षमता वाले मेडिकल कॉलेज कोरबा में प्रोफेसर के द्वारा छात्रों को चिकित्सा के विभिन्न आयाम की शिक्षा दी जा रही है।

असिस्टेंट प्रोफेसर और मेडिकल कॉलेज के उप अधीक्षक डॉक्टर शशिकांत ने बताया कि एनाटॉमी यानी शरीर रचना विज्ञान से संबंधित प्रयोग शिक्षा प्राप्त करने के लिए डेड बॉडी जरूरी होती है. 25 छात्रों के पीछे एक डेड बॉडी का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा



अध्ययन के लिए डेड बॉडी देह रखी गई है. हाल में ही जांजगीर चांपा जिले से एक ऐसा शव यहां भेजा गया है.

### इसलिए संकल्प पत्र भरने में रूचि

सदियों से बनी हुई परंपराएं और मान्यताएं बहुत जल्द समाप्त हो सकती हैं या टूट सकती है, ऐसा बिल्कुल संभव नहीं है. अलग-अलग स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के कारण जागरूक लोग मृत्यु के पश्चात अंतिम संस्कार के बजाय देहदान करने को लेकर संकल्प पत्र भरने में रुचि दिखा रहे हैं. नि:संदेह इस तरह की कोशिशें चिकित्सा अनुसंधान के लिए उपयोगी साबित होंगी।

### मसान निवासी युवक ने जहरपान कर दे दी जान

**कोरबा।** जिले के उरगा थानांतर्गत ग्राम मसान निवासी एक युवक ने जहर सेवन कर लिया। जिसे उपचार के लिए कोरबा जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम मसान निवासी दिलबोध राम धोबी उम्र 49 वर्ष पिता समारू राम घरेलू कारणों से परेशान होकर जहर सेवन कर लिया। जिसे हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए विगत 5 मार्च को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हो पाई। अंतत: उपचार के दौरान उसकी गत रात्रि मौत हो गई। इस घटना की जानकारी अस्पताल वार्ड ब्वाय द्वारा दिए जाने पर पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई के उपरांत उसे पीएम के लिए वैधानिक कार्रवाई कर चीरघर भिजवा दिया।

# अपहर्ता के चंगुल से मुक्त कराई गई किशोरी

### 0 गोंदिया से लाया गया आरोपी 0 दर्ज किया गया पीड़िता का बयान

**कोरबा।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मात्र एक सप्ताह के अंदर भजन वाद्य सामाग्री एवं भक्ति के लिए माला पूजन सामाग्री का अलग-अलग व्यवसाय करने वाली एक किशोरी को एक युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसाकर चंद दिनों के अंदर ही उसे अपने बलात्संग का शिकार बनाने के साथ ही उसे दूर महाराष्ट्र के गोंदिया भगा ले गया जिसे जानकारी मिलने पर दीपका पुलिस ने आरोपी को दबोचने के साथ ही पीड़िता को उसके चंगुल से आज सुबह मुक्त करा लिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार एक 16 वर्षीय किशोरी कोरबा जिले के दीपका, उरगा आदि क्षेत्रों में भजन वाद्य हारमोनियम सामाग्री की मरम्मत एवं बिक्री करने के साथ ही अन्य श्रृंगार, खुदरा सामाग्रियों की बिक्री अपने परिवारजनों के साथ हाथ बंटाते हुए कर रही थी। इसी बीच गोंदिया से एक युवक भी अपने परिवार वालों के साथ कोरबा इलाके में पहुंचा और रावणभाठा



गोंदिया से लौटने के बाद दीपका क्षेत्र में रहते हुए मंगलसूत्र एवं श्रृंगार सामाग्रियों की बिक्री करने लगा। इसी दौरान मात्र 7 दिनों के अंदर ही इन दोनों के मध्य प्यार पनपा, जिसके परिणाम स्वरूप किशोरी को उसके पालक तरदा ले जाकर वहां से गोपनीय तरीके से गोंदिया के लिए भाग निकली।

बताया जाता है कि इधर किशोरी गायब हुई तो उसके पिता ने गुम इंसान दर्ज करा दिया। मोबाइल के माध्यम से नंबर ट्रेस किये जाने तथा लोकेशन के आधार पर किशोरी के गोंदिया में होना पाया गया। जिसके बाद दीपका टीआई अश्वनी राठौर ने तत्काल इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसआई अश्वनी निरंकारी एवं आरक्षक अभिजीत पांडेय के नेतृत्व में तेज तर्रार पुलिस कर्मियों की टीम को अंतर प्रांत के संवेदनशील विवेचना मामले में कार्रवाई किये जाने वास्ते गोंदिया रवाना किया। गोंदिया पहुंची दीपका पुलिस की टीम ने तत्काल मुखबिरों से लोकेशन लेकर आनन-फानन में ठोस जानकारी हासिल कर बगैर मौका दिए ही अपहर्ता युवक को धर दबोचा और अपहृता को आरोपी के चंगुल से मुक्त कराकर उसके साथ दीपका लाया गया। यहां आरोपी का बयान न्यायालय के नियमानुसार दर्ज कराने के साथ ही पीड़िता का सीडब्ल्यूसी में बयान दर्ज कराने के साथ ही उसके पालक को उसके हवाले सुपुर्द किया जा रहा है। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 110/24 धारा 363, 376 भादवि एवं 4 (6) पास्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# विश्व महिला दिवस पर संगोष्ठी, उत्कृष्ट कार्य ने दिलाया सम्मान

**कोरबा।** राष्ट्रीय वन्देमातरम- राष्ट्र प्रथम अभियान-भारत जनशक्ति एवं भारत युवाशक्ति संगठन तेजस्विनी नारी शक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एन्ड ऑल इंडिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनआइजेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। लड़ने चली हूँ आज़ादी की जंग थीम पर स्त्री विमर्श 2024 पर केंद्रित राज्य स्तरीय महिला संगोष्ठी कार्यक्रम में महिला वक्ताओं एवं महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने सार्थक विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती तथा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत संयोजिका दीपक भास्कर, कार्यक्रम प्रभारी कविता श्रीवास, रीतू साहू, श्वेता आनंद, निकिता जायसवाल ने पुष्प गुच्छ तथा तेजस्विनी बैज लगाकर स्वागत किया । महिला संगोष्ठी में विभिन्न ज़िले से आये हुए महिला वक्ताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने महिलाओं , किशोरी बालिकाओं तथा कम उम्र की छोटी बच्चियों के साथ हो रहे यौन अपराधों, शोषण, हिंसात्मक घटनाओं के विरुद्ध



आवाज़ बुलंद की। वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा देश में प्रचलित महिलाओं के विधिक अधिकारों तथा कानूनों का सखूती के साथ पालन कराने पर ज़ोर दिया। वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, नारी अस्तित्व एवं अस्मिता, महिलाओं के विधिक अधिकारों, महिलाओं की सुरक्षा तथा आत्मसम्मान के लिए, महिलाओं, युवतियों और किशोरी बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे यौन अपराधों, हिंसक घटनाओं के विरोध में प्रमुखता के साथ अपने विचार व्यक्त किये। - स्त्री विमर्श 2024- लड़ने चली हूँ आज़ादी की जंग में जागरूक महिलाओं और युवतियों को तेजस्विनी नारी शक्ति शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता- डॉ. आकांक्षा दीक्षित स्त्री रोग विशेषज्ञ, सुष्मिता अग्रवाल डायरेक्टर सृष्टि चिल्ड्रन हॉस्पिटल, रश्मि दीक्षित मानव अधिकार कार्यकर्ता, नम्रता शर्मा नागरिक सुरक्षा सेवा, सोनी नेताम, कविता सोनी, पिंकी दीवान, रजनी जायसवाल, मीरा गुलहरे, पिंकी सोनी सहित अन्य महिला वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये । इस अवसर पर तेजस्विनी नारी शक्ति फाउंडेशन की प्रदेश संयोजिका दीपक भास्कर द्वारा महिला संगोष्ठी में सम्मिलित सभी वक्ताओं एवं उपस्थितजनों को महिलाओं की सुरक्षा तथा नारी अस्मिता की रक्षा, महिलाओं के आत्मसम्मान के लिये शपथ दिलाई गई। प्रारंभ में तेजस्विनी नारी शक्ति फाउंडेशन की सभी सदस्याओं के द्वारा महाशिव रात्रि के पावन पर्व पर तेजस्विनी नारी शक्ति फाउंडेशन महिला उधमिता विकास एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र, क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ कर पूजन-अर्चन ककी। राज्य स्तरीय महिला संगोष्ठी कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय नारी शक्ति संगठन तेजस्विनी , छत्तीसगढ़ कला , साहित्य एवं सांस्कृतिक विकास परिषद , राष्ट्रीय वन्देमातरम - राष्ट्र प्रथम अभियान - भारत जनशक्ति एवं भारत युवाशक्ति संगठन, फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एन्ड ऑल इंडिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई तथा जिला इकाई बिलासपुर के प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्यगणों- प्रीति सुनहरे, उषा पटेल, शांता बंजारे, रजिया बेगम, करुणा साहू, सुषमा टिक्का, प्रीति पटेल, मीनाक्षी पटेल, इंदु निखिल साहू आदि ने योगदान दिया।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com